राष्ट्रीय दैनिक



# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

योगिता बिहानी ने उर्फी ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 10 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 261 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

### राहुल के भारत जोड़ो यात्रा पर बोले अनुराग ठाकुर

## पीएम मोदी के नेतृत्व में एकजुट है देश, बिना भेदभाव के हो रहा विकास

नई दिल्ली। कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। इस यात्रा के जरिए कांग्रेस 2024 चुनैव को लेकर सियासी पिच भी तैयार करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा पर भाजपा लगातार वार कर रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एकजुट है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि राहुल जी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं मगर च्ड मोदी के नेतृत्व में देश एकजुट है। मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम करते हैं। दरअसल, अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आपको बता दें कि हिमाचल में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। केंद्रीय मंत्री



अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में देश के सभी लोगों का बिना भेदभाव से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम किसी से उसका धर्म–जाति नहीं पूछते हैं। जिसे लाभ मिलना चाहिए उसके लिए और गरीब के उत्थान के लिए भाजपा हमेशा काम करती रहेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार पर एक रुपये के घोटाले का आरोप भी नहीं है। केंद्र और राज्य दोनों में डबल इंजन (बीजेपी) की सरकार है। दोनों ने राज्य और देश को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि हम देश को विभाजित नहीं होने दे सकते और इसे आगे ले जाने के लिए एकता के साथ काम करना चाहिए। आपको बता दें कि कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा का आज तीसरा दिन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति और संगठन की अपनी विचारधारा होती है। भाजपा और ै की अपनी विचारधारा है, वो ठीक है। हमारे लिए यह यात्रा जनता से जुड़ने की यात्रा है। जो नुकसान भाजपा और ै की विचारधारा ने देश का किया है उसके खिलाफ यह यात्रा है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सच कहूँ तो, कई हजार वर्षों से दो अलग–अलग दृष्टिकोणों के बीच लड़ाई चल रही है, और यह जारी रहेगी।

## बीजेपी सोनिया गांधी को अपने पीएम फेस के रूप में करेगी पेश

### मेधा पाटकर को सीएम उम्मीदवार बनाने के दावे पर आप का जवाब

अहमदाबाद। गुजरात में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ये आरोप–प्रत्यारोप अब पीएम मोदी और सोनिया गांधी तक आ गई है। बीजेपी के गढ़ में आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। 2017 के चुनाव में कांग्रेस ने वैसे तो अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन आप प्रदेश में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने को लेकर फुल एक्शन मोड में है। लेकिन बीते दिनों बीजेपी की तरफ से गुजरात में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर किए दावे पर अब आप की प्रतिक्रिया



सामने आई है। आप के संयुक्त महासचिव इसुदान गढ़वी ने कहा कि ये कहना कि आप गुजरात में मेधा पाटकर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बना रही है, यह कहने जैसा है कि भाजपा सोनिया गांधी को अपने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश कर रहे हैं। गुजरात आप के एक अन्य नेता ने दावा किया कि भाजपा यह महसूस कर रही है कि कांग्रेस अब उनका मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है और आप का जनाधार मजबूत हो रहा है। ''यही कारण है कि वे अफवाहें फैला रहे हैं। आप नेता ने कहा कि गृह मंत्री ने भी इस पर टिप्पणी की है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते दिनों दावा किया था कि आम आदमी पार्टी (आप) और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। कहा कि नर्मदा परियोजना का विरोध करने वाली मेधा पाटकर को गुजरात की राजनीति में पिछले दरवाजे से प्रवेश कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल ने पाटेकर को 'शहरी नक्सलीश और ''कट्टर गुजरात विरोधी बताते हुए दावा किया कि आम आदमी पार्टी राज्य के अगामी विधान सभा चुनाव में उन्हें मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश करने की योजना बना रही है।

## नूपुर शर्मा को एससी से राहत

### गिरफ्तारी की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर दायकर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि इसके दूरगामी परिणाम होते



हैं। पैगंबर मोहम्मद पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के चलते शर्मा के खिलाफ कार्रवाई और उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई थी। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित, जस्टिस रविंद्र भट्ट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। रिपोर्ट्स के अनुसार, शीर्ष न्यायालय ने कहा, श्यह देखने में नुकसान नहीं पहुंचाने वाला लगता है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। अदालत को निर्देश जारी करते समय हमेशा चौकस रहना चाहिए। हमारा सुझाव इसे वापस लेने का है।श कथित तौर पर एक टीवी डिबेट के दौरान शर्मा की तरफ से की गई टिप्पणी के चलते जमकर विवाद खड़ा हो गया था। देश के की हिस्सों में इसे लेकर जमकर प्रदर्शन हुए थे और शर्मा को गिरफ्तारी करने की मांग उठी थी। सुप्रीम कोर्ट में एड्वोकेट चांद कुरैशी के जरिए एड्वोकेट अबु सोहैल की तरफ से याचिका दायर की गई थी। याचिका में श्स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष जांचश की मांग उठाई गई थी। खास बात है कि एपेक्स कोर्ट ने पहले ही मामले में दर्ज सभी थ्प्े को दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर करने के बात कही थी। शर्मा के खिलाफ भारत के कई शहरों में अलग–अलग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई थी।

## BJP-RSS ने देश में नफरत फैलाई, राहुल बोले– कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नफरत के खिलाफ

नई दिल्ली। भारत जोड़ी यात्राश पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारे लिए यह यात्रा लोगों से जुड़ने की है। बीजेपी की विचारधारा से देश को जो नुकसान और नफरत हुई है, उसके खिलाफ हमने यह यात्रा निकाली है।राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ कांग्रेस की ये यात्रा है। सभी संस्थानों पर बीजेपी ने कब्जा कर लिया। संस्थानों का दुरुपयोग किया जा रहा है। राहुल ने कहा कि ये लड़ाई दो राजनीतिक दलों के बीच की नहीं है। देश में अलग तरह की राजनीति चल रही है। राहुल ने कहा कि हर एक व्यक्ति और संगठन की अपनी विचारधारा होती है। भाजपा और आरएसएस की अपनी विचारधारा



है, वो ठीक है। हमारे लिए यह यात्रा जनता से जुड़ने की यात्रा है। जो नुकसान भाजपा और आरएसएस की विचारधारा ने देश का किया है उसके खिलाफ यह यात्रा है। सबके अपने अपने विचार हैं। हर किसी के मत का स्वागत है। देश की भलाई के लिए लड़ना हमारा कर्तव्य है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सच कहूँ तो, कई हजार वर्षों से दो अलग–अलग दृष्टिकोणों के बीच लड़ाई चल रही है, और यह जारी रहेगी। भारत के दो अलग–अलग दृष्टिकोण हैं, एक दृष्टिकोण कठोर और नियंत्रित करने वाला है जबकि दूसरा मिश्रित और खुले विचारों वाला है। ये लड़ाई जारी रहेगी। भाजपा ने इस देश के सभी संस्थानों को अपने नियंत्रण में ले लिया है और उनके माध्यम से दबाव डाल रही है ... हम अब एक राजनीतिक दल से नहीं लड़ रहे हैं। अब यह लड़ाई भारतीय राज्यों की संरचना और विपक्ष के बीच है। मैं अध्यक्ष (कांग्रेस का) बनूंगा या नहीं, यह तब स्पष्ट हो जाएगा जब अध्यक्ष पद का चुनाव होगा...मैंने बहुत स्पष्ट रूप से तय कर लिया है कि मैं क्या करूंगा, मेरे मन में कोई भ्रम नहीं है।

## अपनी सीट तक सीमित रहो, महुआ मोइत्रा पर फिर खुलेआम बरसीं ममता बनर्जी, संगठन में दखल न देने की नसीहत

नई दिल्ली। ममता बनर्जी ने एक बार फिर से अपनी पार्टी की आक्रामक तेवर रखने वालीं सांसद महुआ मोइत्रा को नसीहत दी है। उन्होंने महुआ से साफ कहा है कि वह अपने संसदीय क्षेत्र पर ध्यान दें और संगठन के कामकाज में दखल न दें। महुआ मोइत्रा कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद हैं। कोलकाता में बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की मीटिंग में नादिया की करीमपुर विधानसभा सीट को लेकर कहा कि वह यहां के मामलों को मुर्शिदाबाद के सांसद अबू ताहिर पर ही छोड़ दें। दरअसल करीमपुर से 2016 में महुआ मोइत्रा विधायक चुनी गई थीं और इसके चलते वहां से उनका खास लगाव रहा है। वह वहां के मामलों में भी दखल देती रही हैं, जिसे लेकर अब ममता बनर्जी ने उन्हें चेताया है। टीएमसी ने महुआ मोइत्रा को लोकसभा चुनाव में उतार दिया था और फिर उपचुनाव में बिमलेंदु सिन्हा रॉय को जीत मिल गई थी। इसके अलावा वहां का प्रभारी अबू ताहिर को बनाया गया था। इसी पर बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि करीमपुर विधानसभा क्षेत्र अब महुआ मोइत्रा के अधिकार क्षेत्र में नहीं है बल्कि अबू ताहिर उसके प्रभारी हैं। वह वहां के मामलों को देख लेंगे। दरअसल बीते कुछ दिनों में महुआ मोइत्रा की शिकायत की गई थी। इसमें कहा गया था कि महुआ करीमपुर के मामलों में दखल देती हैं और समानांतर संगठन चलाती हैं। इसमें कुछ नेताओं और इलाके के अधिकारियों का सहयोग है। यही नहीं उन पर पार्टी की गाइडलाइंस को भी नजरअंदाज करने के आरोप लगते रहे हैं। महुआ मोइत्रा के दखल से स्थानीय विधायक समेत कई नेता नाराज थे। अब ममता बनर्जी की ओर से महुआ को फटकार लगाए जाने पर विधायक बिमलेंदु सिन्हा रॉय ने खुशी जताई है और कहा है कि यह करीमपुर के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। सिन्हा ने कहा कि महुआ मोइत्रा करीमपुर में आकर सिर्फ समस्याएं ही पैदा करती हैं। उनकी मौजूदगी के चलते करीमपुर में संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है। सिन्हा रॉय ने कहा, श्मैं करीमपुर से दो बार का विधायक हूं। वह अकसर यहां आती हैं, लेकिन मुझे इग्नोर किया जाता है। वह अपने पालतू बीडीओ के जरिए यहां काम करती हैं। वह मुझे यहां काम तक नहीं करने देती हैं। इसलिए यह पूरा मामला ममता बनर्जी तक पहुंचा।श



## कौवे के श्राप से गाय नहीं मरती, बारामती में भाजपा की अमेठी जैसी प्लानिंग पर बरसी एनसीपी



पुणे। महाराष्ट्र भाजपा के मुखिया चंद्रशेखर बावनकुले ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के लोकसभा क्षेत्र बारामती का दौरा किया है। उसके बाद से ही इस पर राजनीति तेज हो गई है और इसे शरद पवार फैमिली को घेरने की भाजपा की कोशिशों के तौर पर देखा जा रहा है। पहले ही भाजपा ने जिन 16 सीटों की फोकस बढ़ाने के लिए लिस्ट तैयार की है, उसमें बारामती को शामिल किया था। ऐसे में अब बावनकुले के दौरे ने सियासी पारा और चढ़ा दिया है। वहीं एनसीपी भी हमलावर हो गई है और अजीत पवार ने तंज कसते हुए कहा है कि कभी कौवे के श्राप से गाय नहीं मरती।

## गोवा सरकार ने Curlies Club पर चलाया बुल्डोजर, सुप्रीम कोर्ट ने दिया कार्रवाई रोकने का आदेश

गोवा सरकार ने सोनाली फोगाट की मौत के मामले में एक बड़ा एक्शन लिया और रेस्तरां को धवस्त करने का आदेश दे दिया। गोवा सरकार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हरियाणा इकाई की नेता सोनाली फोगाट की मौत से जुड़े विवादित रेस्तरां को तटीय नियमन क्षेत्र (सीआरजेड) के नियमों के उल्लंघन के कारण ढहाने की प्रक्रिया शुक्रवार सुबह शुरू कर दी गयी थी वहीं दूसरी



तरफ सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी नेता सोनाली फोगट की मौत से जुड़े गोवा के कर्लीज रेस्तरां को गिराने पर रोक लगाई। एएनआई की रिपोर्ट में कहा गया कि सोनाली फोगाट को जिस रेस्तरां में ड्रग्स दिया गया था उसे गिराने के आदेश सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। 'कर्लीज' नामक यह रेस्तरां उत्तरी गोवा के प्रसिद्ध अंजुना बीच पर स्थित है। मौत से कुछ घंटों पहले फोगाट इसी रेस्तरां में पार्टी कर रही थीं। इसी कारण यह रेस्तरां हाल में सुर्खियों में रहा था। इस रेस्तरां के मालिक एडविन नून्स फोगाट की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में शामिल थे और उन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। अधिकारी ने कहा, ''जिला प्रशासन का विध्वंस दस्ता अंजुना पुलिस कर्मियों के साथ सुबह करीब साढ़े सात बजे समुद्र तट पर सीआरजेड नियमों का उल्लंघन करके 'निर्माण के लिए निषिद्ध क्षेत्र' में बने रेस्तरां को गिराने पहुंचा।''




## नीतीश को सीएम नहीं, पीएम कहिए, खुले मंच से जीतन राम मांझी का ऐलान, तेजस्वी यादव को लेकर भी की यह भविष्यवाणी

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक पारा जबरदस्त तरीके से गर्म होती दिखाई दे रही है। बिहार की राजनीति में भी हलचल लगातार जारी है। जबसे नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के साथ मिलकर सरकार बना ली, तब से प्रधानमंत्री पद की रेस में उनके नाम के बीच चर्चा चलने लगी है। इस महीने नीतीश कुमार दिल्ली दौरे पर पहुंचे थे जहां विपक्ष के नेताओं से उनकी मुलाकात भी हुई थी। नीतीश कुमार भले ही इस बात से इंकार कर रहे हो कि वह प्रधानमंत्री बनने की इच्छा नहीं रखते हैं। लेकिन कहीं ना



कहीं उनकी पार्टी की ओर से लगातार नीतीश कुमार के लिए पीएम पद की दावेदारी पेश की जा रही है। इन सबके बीच बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और नीतीश कुमार के सहयोगी जीतन राम मांझी ने उन्हें भावी प्रधानमंत्री बता कर संबोधित किया। दरअसल, गुरुवार को नीतीश कुमार गया दौरे पर थे। वहां उन्होंने रूबर डैम का उद्घाटन किया। उद्घाटन मौके पर नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जीतन राम मांझी सहित कई मंत्री और विधायक मौजूद रहे। इसी दौरान जीतन राम मांझी ने कहा कि अब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री मत कहिए, प्रधानमंत्री कहिए तो अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री कहकर संबोधित करना चाहिए। इसके साथ ही जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव को लेकर भी भविष्यवाणी कर दी। जीतन राम मांझी ने कहा कि 2024 के बाद तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे।

तेजस्वी यादव को जीतन राम मांझी लगातार बिहार का भावी मुख्यमंत्री बता रहे थे। जीतन राम मांझी के संबोधन को सुनकर वहां मौजूद लोग तालियां भी खूब बजा रहे थे।

# नोडल अधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों के प्रगति की ली जानकारी

गोंडा । आज बृहस्पतिवार को नोडल अधिकारी कंचन वर्मा आई.ए.एस महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश शासन, ने विकास भवन सभागार गोण्डा में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद के विकास कार्यों के प्रगति की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी महोदया ने विभागवार अधिकारियों से विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में गहन समीक्षा करते हुए सर्वप्रथम जनपद में हो रहे निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज के साथ ही स्वास्थ विभाग के सीएचसी, पीएचसी व अन्य अस्पतालों में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा, जनपद में स्थापित गौशाला की समीक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कराए जा रहे कायाकल्प, ड्रेस वितरण, बच्चों के किताब वितरण, रजिस्ट्रेशन तथा विद्यालय की बाउंड्रीवाल, स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी, पीएचसी पर आने वाले मरीजों को दिये जाने वाली सुविधाओं के संबंध में, माध्यमिक शिक्षा विभाग में टैबलेटध् स्मार्ट फोन वितरण की समीक्षा की गई तथा बाल विकास पुष्टाहार विभाग की समीक्षा के दौरान हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण व केंद्रों पर विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में, खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा के दौरान राशन वितरण व राशन कार्ड की समीक्षा, पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान पंचायत भवन निर्माण, पंचायत सहायक की तैनाती व गांवों में परिवार रजिस्टर नकल दिए जाने की सुविधा के संबंध में, शहरों की साफ–सफाई की व्यवस्था के साथ ही नालों की सफाई तथा सफाई कर्मियों व अन्य संविदा कर्मियों के मानदेय व नगर पालिकाध् नगरपंचायत की समीक्षा की गई, विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए कानून व्यवस्था की समीक्षा की कानून व्यवस्था समीक्षा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने जनपद में कानून व्यवस्था के सामने की जा रही कार्यवाहियों के संबंध में अवगत कराया, वहीं महिला उत्पीड़न से संबंधित एफआईआर के संबंध में व कई अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास के लक्ष्य के संबंध में समीक्षा की गई, जल निगम विभाग की समीक्षा के दौरान पाइप लाइन, पानी टंकी के निर्माण की क्वालिटी के संबंध में समीक्षा की गई, मिशन शक्ति में महिलाओं की सुरक्षा व उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में समीक्षा की गई, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, सामुदायिक शौचालय, बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत सप्लाई ग्रामीणों व शहरों में सप्लाई दिए जाने पर समीक्षा की गई। इसके साथ ही कई अन्य विभागों के योजनाओं की विशेष समीक्षा की गई। वहीं नोडल अधिकारी के द्वारा अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर सहित कई अन्य विभाग की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, डीएफओ आरके त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, डीडी कृषि, डीपीआरओ, डीपीओ प्रोबेशन, डीएसटीओ, एक्सईएन जल निगम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सीडी–1 सीडी– 2, प्रांतीय खंड, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी अधिकारी, सेतु निगम, सहकारिता विभाग, विद्युत विभाग, समाज कल्याण अधिकारी सिंचाई विभाग बाढ़ खंड सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब गोंडा सेवा का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

## अल्प समय में शिखर तक पहुंचा लायंस क्लब गोंडा सेवा: विश्वनाथ चौधरी

गोंडा । लायंस क्लब गोंडा सेवा का चौथा अधिष्ठापन समारोह आर के लान में दीप प्रज्वलन ,माल्यार्पण ,स्वागत सम्मान, गीत, भोज आदि आयोजनों के साथ गत . संपन्न हुआ। अधिष्ठापन समारोह दिवस पर मुख्य अतिथि डीजी विश्वनाथ चौधरी दोपहर 2 बजे भिखनापुर स्थित क्लब द्वारा अंगीकृत विद्यालय जेपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचे जहां पर उनका लायनगणों व विद्यालय कर्मियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया एवं विद्यालय के बच्चों को बैग व कॉपी किताब की किट भी उन्हीं के द्वारा वितरित कराई गई ,साथ में रहे अतिथि डी जी 2 मुकेश जैन , जी एम ए हेड डॉ आर सी मिश्रा प्रधानाचार्य सुमन पांडे आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं कुछ सवाल भी पूछे जिसका जवाब बच्चों ने बेबाकी से दिया। रात्रि में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि विश्वनाथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा लायंस क्लब गोंडा सेवा की जितनी सराहना की जाए कम ही होगा, क्योंकि अल्प समय में जिस शिखर तक क्लब पहुंचा है काबिले तारीफ है। ,आपका यह क्लब एक हेल्थी क्लब है एक बातें आपसे और कहना चाहूंगा कि लायंस क्लब गोंडा सेवा भीड़ का हिस्सा न बने बल्कि कुछ अलग करके दिखाएं क्लब आपका नया जरूर है लेकिन इसमें अनुभवी व जुझारू लोग हैं एवं टीम भावना से सेवा करने की क्षमता है ,मैं आप लोगों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं ।

जो प्यार सम्मान व अनुशासन का परिचय आपने दिया है और कार्यक्रम संपन्न कराया है यह शायद कहीं कहीं देखने को मिलता है। उपस्थित सभी पत्रकारों का सम्मान करते हुए श्री चौधरी ने अपने हाथों से छोटा सा उपहार देकर पत्रकारों को सम्मानित भी किया और ज्यादा समय रुक कर कार्यक्रम को कवरेज करने हेतु धन्यवाद व्यक्त किया। बीच–बीच में डॉक्टर आकांक्षा ने गीत गाकर समा बांधने का प्रयास कर रही थी। डी जी टू मुकेश जैन ने क्लब में जुड़े सदस्यों अमिता–अजय गर्ग ,संगीता–श्रवण अग्रवाल, नीतू –अमर अग्रवाल ,ज्योति पांडे ,डॉ ज्ञानेंद्र ,आदित्य पांडे कुल 9 लोगों को उनके कर्तव्यों का सेवा करने की शपथ दिलाई। पूर्व डीजी कमल शेखर गुप्ता ने क्लब के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को उनका कार्य याद दिला कर और अच्छा करने की सलाह दी और सभी को वचनबद्ध भी कराया। पूर्व डीजी के यस लूथरा ने सेवा करने का तरीका व कौन–कौन सी एक्टिविटी समाज के लिए बेहद जरूरी है विस्तार से बताया। लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा अंगीकृत विद्यालय जेपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को प्रथम किश्त के रूप में रूपए 51000 देकर क्लब ने सहयोग किया। समारोह के अवसर पर जनपद बहराइच ,बलरामपुर व लखनऊ के लायन पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। लायंस क्लब गोंडा सेवा के लायनगण डॉक्टर मृणाल पांडे, डॉक्टर के के मिश्रा, राजकुमार जायसवाल अजय मित्तल ,बसंत नेवटिया ,चंद्रकेश मिश्रा ,अजीत सिंह सलूजा ,अर्जुन सोनी दीपक गुप्ता, पवन जायसवाल, संदेश गर्ग, राजीव अग्रवाल ,अशोक लोहिया, शिव अग्रवाल ,सुशील जालान, अरविंद श्रीवास्तव ,अमित पांडे, मुकेश अग्रवाल ,दुर्गेश श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, मयंक टंडन, नितिन कुमार वाधवानी , चित्रार्थ तिवारी ,शिवम मिश्रा ,पीके शुक्ला ,किशोर सोमानी, मनीष कुमार धानकानी ,संजय रस्तोगी, डॉक्टर डी के राव, अरुण दीप मल्होत्रा, देवेंद्र जायसवाल, विपुल मोदी आदि उपस्थित रहे।

# गोंडा की माटी के लाल बने वाइस चांसलर

गोंडा । प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) का कुलपति बनकर गोंडा जिले का नाम रोशन किया है। प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव डिपार्टमेंट ऑफ स्टेटिस्टिक्स इंस्टिट्यूट सोशल साइंसेज डॉ0 भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा में वरिष्ठ प्रोफेसर रहे। इसके साथ ही इसी विश्वविद्यालय में वे मुख्य नियंता समेत कई पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं तथा उनके कई शोध पत्र प्रकाशित हुए। वह श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के पूर्व प्रोफेसर स्व0 डॉ0 प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव तथा डॉ0 श्रीमती शोभा श्रीवास्तव के इकलौते पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजन, रिश्तेदार, इष्ट मित्र व जनपदवासी गदगद हैं।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने दो प्रतिष्ठानों फैब्रिको लाइव लान्ड्री एवं एम. ओ. सी. रेस्तरां का फीता काटकर किया उद्घाटन

गोंडा । एल. बी. एस. चौराहा स्थित भार्गव टावर में दो प्रतिष्ठानों फैब्रिको लाइव लान्ड्री एवं एम. ओ. सी. रेस्तरां का भव्य उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के द्वारा किया गया। जिसमें जिले के गणमान्य व्यक्तियों में विधायक गोण्डा के प्रतिनिधि अजय सिंह,सहा. कमाडेंट जय प्रकाश सिंह, के. बी. सिंह, नायब सिंह, डा. शेर बहादुर सिंह,,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा०ए०पी०सिंह, शिवमूर्ति मिश्रा, पूर्व चेयरमैन कमरुद्दीन, के०के०श्रीवास्तव,डा. श्याम बहादुर सिंह, जसपाल सलूजा,शंजू छाबड़ा अनिल श्रीवास्तव,सुदीप श्रीवास्तव राजेश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे। उक्त अवसर दौरान दिनेश सिंह और अमित सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बाइक से टकराकर पलटा स्कूली वाहन, एक की मौत

## तीन बच्चे घायल, बच्चों को स्कूल ले जा रही थी मौजिक

रूदौली–अयोध्या । कोतवाली रूदौली अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर बलैया में बच्चों को स्कूल ले जा रहे स्कूल वाहन का बाइक से टक्कर हो गया जिससे जहां बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया वहीं बच्चों से भरा स्कूल वाहन पलट गया जिससे उसमें सवार 12 बच्चों में तीन बच्चे घायल हो गये । सभी घायलों को सीएचसी रूदौली लाया गया जहाँ प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ उसकी मौत हो गई, जबकि बच्चों की हालत खतरे से बाइक बताई जा रही है।

घटना सुबह लगभग सात बजे के आसपास की बतायी जा रही है जब डी पी एस मेमोरियल इंटर कालेज ऐहार की मैजिक गाडी बच्चो को ले जाते समय अमावासूफी से आ रहे मोटर साइकिल यूपी–42एएक्स–6399 से जोरदार टक्कर हो गई जिससे बच्चों से भरी मैजिक सडक के किनारे पानी में पलट गयी जिसमें रामसरनदासपुर के 6, विजडी के 2 व हरिहरपुर बलैया के 2 बच्चों सहित कुल 10 बच्चे सवार थे जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए बाकी सभी बच्चे सुरक्षित है।

चोटहिल बच्चा भी चिकित्सा के उपरांत अपने घर पर है वहीं बाइक सवार मिल्कीपुर क्षेत्र के थाना खंडासा अंतर्गत अमावा सूफी निवासी 35 वर्षीय रामू की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे सीएचसी रूदौली से प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहाँ उसने दम तोड़ दिया।

# दो कारों की भिड़ंत में एक की मौत

अयोध्या। जनपद के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या–प्रयागराज हाईवे पर जमूरतगंज बाजार के पास बीती रात दो कारों की भिड़ंत एक की मौत हो गई जबकि दूसरा कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर चौरे बाजार निवासी गणेश मिश्रा पुत्र शीतला प्रसाद मिश्रा अपनी निजी कार से बीकापुर की तरफ जा रहे थे।अयोध्या–प्रयागराज हाइवे पर जमूरतगंज बाजार के पास पहुंचे ही थे कि उनकी कार बीकापुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार सेल्टोस कार से टकरा गई, जिसमें गणेश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल गणेश मिश्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी कार का चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह का कहना है कि दोनों गाड़ियों को कब्जे में लिया गया है। दूसरे कार चालक की तलाश की जा रही है, घटना के बाबत अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।पूराकलंदर थाना क्षेत्र में बीती रात हुए हादसे में बीकापुर के चौबे का पुरवा रामनगर खजुरहट निवासी गणेश मिश्रा की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। यह खबर क्षेत्र के जैसे ही फैली तो घर पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। मृतक के घर पहुंच भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, राजकुमार मौर्य, मोहनलाल, राहुल शर्मा सन्यासी सहित कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रधान प्रतिनिधि अशोक यादव ने बताया कि मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटे–छोटे बच्चे एक 11 वर्ष की पुत्री एवं 8 वर्ष का पुत्र है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, संपूर्ण गृहस्थी जलकर खाक

मिल्कीपुर–अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज के पूरे सोन गांव निवासी अच्छाराम के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर जब तक काबू पाती तब तक सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत कुमारगंज बवां पूरे सोन गांव निवासी अच्छाराम पुत्र जगरूप कहीं अपने रिश्तेदारी में मिट्टी में गए हुए थे, उनकी पत्नी अपनी 10 वर्षीय नातिन के साथ दोपहर में खाना बना रही थी। उसी बीच अचानक छप्पर के मकान में आग लग गई आग के लपटें देख लोग गुहार लगाना शुरू किया गुहार की आवाज सुनकर जब घर में खाना बना रही हंसराजी घर के बाहर निकली तो देखी कि उनका घर जल रहा है।लोग बाल्टी से आग बुझाने में जुटे लेकिन काफी ऊंचाई के चलते बल्टी का पानी वहां तक नहीं पहुंच पा रहा था, आग की लपटें तेज होती जा रही थी। मौके पर पहुंचे ओमप्रकाश सिंह ने आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड के दीवान विजय प्रकाश द्विवेदी, वाहन चालक पंच बहादुर सिंह, फायरमैन विकास चंद्र व मनोज कुमार पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन जब तक आग पर काबू पाते तब तक घर में रखी लाखों रुपए की घर गृहस्थी जलकर राख हो गई। अग्नि पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में रखे अनाज समेत अन्य सामान भी जल गए हैं अब हमारे पास कुछ खाने के लिए भी नहीं बचा है।घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने की बात कही। उपखंड अधिकारी विद्युत कुमारगंज संतोष कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी मुझको नहीं है फिलहाल यदि घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है तो उसमें मैं क्या कर सकता हूं।

## सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह ने दिव्यांग जनों को वितरित किया ट्राई साइकिल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की



बैठक के पश्चात सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह, विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा, एमएलसी गोंडा अवधेश कुमार (मंजू सिंह), सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा, विधायक गैसड़ी एसपी यादव द्वारा 23 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, 05 दृष्टि बाधित दिव्यांग जनों को स्मार्ट केन,05 दिव्यांग जनों को व्हील चेयर, 02 दिव्यांगजनों को हियरिंग मशीन वितरित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी, कनिष्ठ सहायक दिव्यांगजन विभाग अभिषेक कुमार, सुबोध कुमार उपस्थित रहे।

## तेदुए ने ली 14वर्षीये बच्चे की जान

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। विधानसभा गैसड़ी के पचपेड़वा के ग्राम हटवा विसुनपुर में मोहन थारू के बच्चे लोकोड उर्फ अमन 14 वर्षीये बच्चे की जान जंगली जानवर के हमले से चलीगयी ग्राम वासियो ने बताया कि तेंदुए के हमले से बच्चे की जान गई है ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेदुआ भाग निकला ग्राम वासियों ने शासन से मोहन थारु को मुआवजा देने की मांग की है।



# डाक टिकट के पीछे छिपी है एक कहानी:पी के सिंह

## डाक टिकट अमूल्य दस्तावेज, विद्यार्थियों ने बताया विजन फार इंडिया 2047

अयोध्या। सोशल मीडिया के क्रान्ति युग में आज की युवा पीढ़ी में पत्र लेखन के प्रति रुचि कम होती जा रही है एवं केवल प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्र पत्र लेखन का अभ्यास करते है जबकि पूर्व में एक–एक शब्द पर गहनता से विचार करके हृदय के उद्गारों को पत्र पर लिखा करते थे जो पाठक के हृदय को भाव विभोर कर दिया करता था। पत्र लेखन के लिए शब्दो का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है जबकि आज कल बहुत ही संक्षेप में लोग अपनी बात करते व लिखते हैं। यह विचार कनौसा कान्वेंट स्कूल, अयोध्या में ढाई आखर प्रतियोगिता के अंतर्गत "विजन फार इंडिया 2047" को गति देने के उद्देश्य से मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर अयोध्या मण्डल पी के सिंह ने व्यक्त किया । श्री सिंह ने कहा कि हर डाक टिकट के पीछे एक कहानी छिपी है और इससे युवा पीढ़ी को रूबरू कराने की जरूरत है। वक्त्त के साथ छोटा सा कागज का टुकड़ा दिखने वाले ये डाक टिकट ऐसे अमूल्य दस्तावेज बन जाते हैं, जिनकी कीमत लाखों –करोड़ों में हो जाती है। श्री सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फिलेटली को "किंग आफ हाबी व हाबी आफ किंग" के रूप में जाना जाता है, जिसमें रूचि रखने पर अनंत विषयों पर डाक टिकटों का संग्रह कर सकते हैं । श्री सिंह ने यह भी बताया कि ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत "विजन फॉर इंडिया 2047" शीर्षक पर पत्र लिखा जाना है द्य प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी से यह जानना है कि वर्ष 2047 में वह कैसे भारत की परिकल्पना करते हैं। साथ ही साथ उनके अन्दर देश के प्रति राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करते हुए सोशल मीडिया से दूर हटकर पत्र लेखन के प्रति अभिरुचि को बढावा देना है । साथ ही श्री सिंह ने यह भी बताया कि इस ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में मूल्यांकन के आधार पर दोनों ग्रुपों में तीन तीन प्रतिभागियों को चयनित किया जाएगा जिन्हें राष्ट्रीय एवं परिमण्डल स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 50000₹–, 25000₹– एवं 10000₹– तथा परिमण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 25000₹–,10000₹–एवं 5000₹–दिया जायेगा । इस दौरान कनौसा स्कूल की प्रधानाचार्या लिंडा थॉमस व अध्यायपिका हेमलता ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के बदलते दौर में आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया को अधिक तरजीह दे रही है ऐसे में उनकी पुरानी परम्परागत संचार शैली को बरकरार रखने के लिए बच्चों को फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) से भी जुड़ना चाहिए इससे उनका सामान्य ज्ञान भी विकसित होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सिविल की तैयारी करने वाले छात्रों को फिलेटली से जरूर जुड़ना चाहिए जिससे उन्हें सामान्य ज्ञान की परीक्षा में सार्थक साबित होगा । इस अवसर विद्यार्थियों ने लेटर बॉक्स में लिखे पत्रों को भी पोस्ट किया साथ ही डाक विभाग की कार्य शैली के गुर सीखे । इस दौरान मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अध्यापिका हेमलता, कुलदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# एकलव्य छात्रावास से अवैध कब्जेदारी खाली कराने की मांग

## निषाद समाज के लोगो ने जगतगुरु परमहंस आचार्य से की मुलाकात

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के रामघाट स्थित तपस्वी छावनी पर जगतगुरु परमहंस आचार्य से ग्रामीण क्षेत्र व नगर क्षेत्र से आए हुए निषाद समाज के लोगो ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जगतगुरु परमहंस आचार्य से एकलव्य छात्रावास पर कब्जेदारी को खाली करने को लेकर चर्चा की। अयोध्या धाम के टेढ़ी बाजार स्थित कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा निषाद समाज का एकलव्य छात्रावास पर कब्जा किया गया। जिसे खाली कराने को लेकर जगतगुरु परमहंस आचार्य मिले।वही तपस्वी छावनी जी के जगत गुरु परमहंस आचार्य ने बताया कि जिस तरीके से निषाद राज के वंशजों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जो पीढ़ियों से उनकी छात्रावास थी। जिसे साधु के वेश–धारी कब्जा गैंग के लोग हैं जिनका काम है कि मंदिरों को कब्जा करना अपनी दहशत फैला कर रखे हुए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 10 दिन के अंदर निषाद समाज की छात्रावास को खाली कर दिया जाए और वहां पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के सखा की प्रतिमा लगाई जाएगी।

जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौराहे का नाम निषादराज चौराहा कर दिया है। जो साधु समाज को कब्जा करने वाले कलंकित गैंग है। यह सभी होश में आ जाएं मर्यादा का पालन करें नहीं तो इस तरह का अन्याय नहीं सहेंगे। पूरे देश में लाखों के निषाद समाज के लोग इकट्ठा होने वाले हैं। अगर 10 दिन में छात्रावास को खाली नहीं करेंगे तो पूरे प्रदेश से निषाद समाज के लोग इकट्ठा होकर उस कब्जे तारीख को हटाने का काम करेंगे।तो वही निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद ने बताया कि हमारे निषाद समुदाय के छात्रावास को जल्द से जल्द कराया जाए खाली।क्योंकि हमारे निषाद समुदाय का है।और हमारे समुदाय को मिले।एकलव्य छात्रावास में निषाद समाज के बच्चे पढ़ते थे।कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उस पर कर लिया गया कब्जा।उन्होंने बताया कि पूर्व में लल्लू सिंह ने हमारे निषाद समाज को यह छात्रावास को हैंडओवर किया था। जिसमें निषाद समाज के गरीब बच्चे पढ़कर शिक्षा ग्रहण करते थे।दरसअल आज 101 किलो की माला पहनाकर परमहंस दास को निषाद समाज के लोगों ने स्वागत किया।

# नगर विकास मंत्री के आने से निकाय चुनाव के प्रत्याशीयो में बड़ी चुनौती,कौन सबसे आगे

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा के आने से जनपद के नगर पंचायत एंव नगर पालिका के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों में सबसे आगे बढ़ने की ओड से लगी हुई है कोई भी चौराहा पोल ऐसा नहीं है जहां फ्लेक्स से भरा पड़ा ना हो एक से बढ़कर एक दिग्गज अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में सामने आ रहे हैं आपको बता दें कि शनिवार को उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा पहली बार जनपद में आएंगे जहां वह भाजपा कार्यालय में संगठन को लेकर बैठक करेंगे तो वहीं लोहिया कला भवन में कार्यक्रम में भाग ले लेंगे, जाने से पहले पत्रकारों से प्रेस वार्ता करते हुए जनपद के नगर पंचायत एंव नगर पालिका चुनाव के बारे में भी वार्ता करें वैसे जनपद में इस समय हालत बड़ी ही खराब है आपको बता दें कि निकाय चुनाव की तिथि को लेकर लोग अपने–अपने हिसाब से आकलन कर रहे है और इसी के मददेनजर दावेदार अपनी तैयारियों में निरंतर तेजी भी ला रहे है, मगर हर दावेदार को घुसपैठियों का डर सता रहा है कि कहीं चुनाव के ठीक पहले कोई घुसपैठी उनका बना बनाया खेल न बिगाड़ दें। एक से अधिक दावेदारों की संख्या से हर दल में बगाव की आशंका भी प्रबल है। सर्वाधिक टिकटार्थियों की तादात भाजपा और सपा में है। मालूम हो कि निकाय चुनाव को लेकर अभी तक कोई तिथि घोषित नहीं की गयी है, मगर दावेदार अपनी तैयारी को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहे हैं। जानकारों के मुताबिक निकाय चुनाव नवम्बर के अंत या दिसम्बर के पहले सप्ताह में होने की संभावना है और इसकी बिगुल कभी निकाय चुनाव भी बज सकती है। टिकट को लेकर हर दल में दावेदारों की लाइन लगी है, लेकिन भाजपा और सपा में जिले की हर नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में टिकटार्थियों की संख्या सबसे अधिक है। स्थानीय बताया जाता है कि इसी के साथ हर दल के टिकट पर घुसपैठियों की भी गिद्ध निगाह है। जो अपने–अपने हिसाब से हर दल की रणनीति पर अपनी नजर बनाये हुए है। यह स्थिति दावेदारों को परेशान कर रही है। दावेदार किसी भी कीमत पर अपनी दावेदारी को कमजोर करना नहीं चाह रहे हैं। वह स्थानीय स्तर से लेकर अपने–अपने दलों के हाईकमान को साधने में भी जोर लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव को लेकर दावेदारों ने काफी समय पहले से ही जनता के बीच अपनी पकड़ को मजबूत बनाने का अभियान छेड़ रखा है। भाजपा से टिकट मांग रहे निवर्तमान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजू सिंह ने तो लगभग एक साल पहले से ही वार्ड– वार्ड घूमने का क्रम शुरू किया था। जिसके वजह से वह काफी चर्चा में बने हुए है। वह अब भी जारी है। जबकि वर्तमान नपाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल भी अपनी दावेदारी पक्की मानकर चल रहे है। इसी के साथ–साथ 2017 के निकाय चुनाव में सदर नपा सीट से दूसरे नम्बर पर रही फौजिया आजाद भी चुनावी समर के लिए कमर कस चुकी है। इसके अलावा राकेश दत्त त्रिपाठी, विजय चौधरी, रामसेवक लोधी, लाल आनंद प्रकाश, हरिशंकर लाल, प्रेम प्रकाश, एसपी अग्रवाल, विपुल द्विवेदी आदि भी अपनी चुनावी तैयारियों में काफी पहले से जनता के दरवाजे तक पहुंचने लगे थे। कुल मिलाकर देखा जाये तो सदर नपा सीट पर निकाय चुनाव का चुनावी संग्राम शुरू हो चुका है, लेकिन दावेदारों के मन में कहीं न कहीं घुसपैठियों का डर बना हुआ है। अब देखना है की कौन नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा को अपने पक्ष में कर पाता है वही संगठन के ही बड़े पदाधिकारी के भी अध्यक्ष पद की दौड़ मे शामिल हाने की सूचना ने सबको हिला दिया है आखिर कौन धरती पकड़ है जिसे हर चुनाव ही लड़ना है। क्या फिर टिकट मिल पता है या विधान सभा ही साबित होगा।

# मान्यताप्राप्त पत्रकार संघ की हुई बैठक, जनपद के सभी पत्रकारों बनेगे सदस्य:राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मान्यताप्राप्त पत्रकार संघ की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। जिसमें पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, संगठन के विस्तार हेतु सदस्यता अभियान, बाइलॉज सहित अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। संघ के संरक्षक वरिष्ठ मान्यताप्राप्त पत्रकार रमेश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान विचार–विमर्श कर संगठन को गतिशील बनाने हेतु जिले के मान्यताप्राप्त सहित अन्य पत्रकारों को भी संगठन में जोड़ने, बाइलॉज बनाने, पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सहित पत्रकरों के साथ आकस्मिक घटना पर मदद लिए एक कोष के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही मान्यताप्राप्त सहित अन्य पत्रकारों के हितों, मान–सम्मान व अधिकारों की लड़ाई हेतु संघ के उत्तरदायित्वों पर भी विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न क्रियाकलापों के लिए पदाधिकारियों के दायित्वों का भी निर्धारण किया गया। जिसमें बाइलॉज बनवाने हेतु कैलाश नाथ द्विवेदी व राजेश शर्मा, सदस्यता शुल्क व कोष संग्रह हेतु प्रदीप वर्मा व मनोज श्रीवास्तव, संगठन के विस्तार व सदस्यता अभियान हेतु कृपाशंकर भट्ट, नफीस सलमान एवं संदीप मद्धेशिया को नामित किया गया है। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष एमपी गोस्वामी, कैलाश नाथ द्विवेदी, राजेश शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, कृपाशंकर भट्ट, मनोज चौबे, नफीस सलमान, संदीप मद्धेशिया, सोनू वरुण आदि उपस्थित रहे।




- जनपद के सभी पत्रकारों को भी संगठन में जोड़ने का लिया गया निर्णय
- शपथ ग्रहण को लेकर बनी रणनीति
- बाइलॉज बनवाने सहित अन्य मुद्दों पर भी हुआ विचार-विमर्श

# प्रशिक्षण में निपुण लक्ष्य हासिल का लिया संकल्प

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड अंतर्गत धनोहरी न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मंगराव में शुक्रवार को न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षक संकुल की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में नोडल शिक्षक संकुल राम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि हमें अपनी शिक्षण विधियों में रोचकता लाते हुए एक योजना के तहत शिक्षण करते हुए शीघ्र ही निपुण लक्ष्य हासिल करना होगा, राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा ने सभी संकुल एवं प्रधानाध्यापकों को प्रति माह डीसीएफ भरने, दीक्षा एप पर समय समय पर हो रहे विभागीय ऑनलाइन प्रशिक्षण को पूर्ण करने का आहवान किया, शिक्षक संकुल ऋषिपाल एवं डॉ राकेश ने खेल खेल में शिक्षण के बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चे बहुत ही खुशी खुशी विषय वस्तु को सीख लेते हैं, इस दौरान, प्रदीप कुमार, राम कुमार, सुरभि श्रीवास्तव, प्रशांत सक्सेना, करुणा शंकर, आलोक त्रिपाठी, रामपाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।





# उपकेन्द्रो पर ही हो गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी:जिलाधिकारी संजीव रंजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0को निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करेगे। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय–समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत–प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गांवों में गर्भवती महिलायें बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं छूटे हुए गांवो में टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया गया तथा समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि टीकाकरण कराने के पश्चात उसका फीडिंग समय से कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दवाये उपलब्ध है। जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड लक्ष्य के सापेक्ष कम बनाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी वैली के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाने का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0झा, प्रत्यूष दूबे, डा0 लक्ष्मी सिंह, समस्त एम0ओ0आईसी0, आदि उपस्थित थे।

# जनपद में धुमधाम से मनाया जायेगा पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह– मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 01 सितम्बर 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी







संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की रैली को विकास भवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली विकास खण्ड नौगढ़ के परिसर में जाकर सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आप लोग नियमित रूप से कार्यक्रम कराये तथा समय से आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जिससे बच्चो की सही ढंग से देखभाल हो सके तथा बच्चो को कुपोषण से मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को "आज मैं भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वस्थ और मजबूत करने का वचन देती हॅू। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान मैं हर घर तक सही पोषण का सन्देश पहुंचाऊंगी। मैं पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाऊंगी। हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठेगी। इस जन आंदोलन से मेरे भारतीय भाई, बहन और सभी बच्चे स्वस्थ होंगे और पूरी क्षमता प्राप्त करेंगें। यह मेरी प्रतिज्ञा है। सही पोषण देश रोशन" शपथ दिलाया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा विकास भवन परिसर में आंवला तथा सहजन का पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभांगी कुलकर्णी, सीडीपीओ संतोष कुमार तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित थी।

# मेहंदी प्रतियोगिता और सिलाई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शिक्षक दिवस (5 सितंबर से 9 सितंबर) तक



आयोजित किए गए कार्यक्रम के अंतर्गत 7 सितंबर को आयोजित किए गए स्किल कंपटीशन मेहंदी प्रतियोगिता और सिलाई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम रजनी, द्वितीय पूजा और तृतीय पुरस्कार संगीता व सिलाई प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम पुरस्कार चांदनी कुमारी कापियां मिश्र, द्वितीय पुरस्कार प्रिया बांसी, एवं तृतीय पुरस्कार पूनम मधुबेनिया बर्डपुर 13 को प्रदान किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता जन शिक्षण संस्थान के कार्यवाहक निदेशक श्री दिलीप कुमार सिंह विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया विक्रम में जन शिक्षण संस्थान के समस्त स्टाफ व अनुदेशकध्अनुदेशका सहित लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

# पंचायत सदस्य एशोसिएसन ने किया क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बांसी के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों कि एक आवश्यक बैठक छेत्र पंचायत सदस्य एशोसिएसन के बांसी ब्लाक अध्यक्ष रमेश चौधरी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए छेत्र पंचायत सदस्य एशोसिएसन के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने कहा कि छेत्र पंचायत में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022=23 में प्रस्तावित परियोजनाएं खण्ड विकास कार्यालय से लेकर जिला प्रशासन तक शिथिलता के कारण स्वीकृत नहीं हो पा रहा है जिससे हम छेत्र पंचायत सदस्यों का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है जिसे संगठन किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन के मंशानुसार छेत्र पंचायत से कम से कम अपने विकास खण्डों में तीन अमृत सरोवर का निमार्ण कराए जाने का शासनादेश है, परन्तु पूरे उत्तर प्रदेश में खण्ड विकास कार्यालय कि उदाशीनता के कारण एक भी अमृत सरोवर का निमार्ण कार्य शुरु नहीं हो पाया है जिससे छेत्र पंचायत कि गरिमा धूमिल हो रही है। प्रदेश सचिव अधिवक्ता बदरे आलम ने कहा कि छेत्र पंचायत सदस्य अब अपने अधिकार के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। जिला सचिव दीनानाथ ने अपने सम्बोधन में कहा कि मनरेगा कि स्वीकृति एवम छेत्र पंचायत के समस्यायों को लेकर छेत्र पंचायत सदस्यों का आगामी 22 सितम्बर को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सभी सदस्यों से उपस्थित होने कि अपील किया गया है।



ब्लाक महामंत्री मनबोध यादव ने कहा कि छेत्र पंचायत में नियमित बैठक नही होती है जिससे हम अपने छेत्र कि समस्याओं को सार्वजनिक पटल पर नहीं रख पाते हैं। जिला मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जो छेत्र पंचायत सदस्यों के हित कि बात करेगा वही ब्लाक पर राज करेगा। बैठक का संचालन करते हुए जिला उपाध्यक्ष शैलू त्रिपाठी ने कहा कि छेत्र पंचायत सदस्य एशोसिएसन उत्तर प्रदेश छेत्र पंचायत सदस्यों के सम्मान और अधिकार के लिए दृढ़ संकल्पित है। बैठक में प्रमुख रूप से भगवानदीन, विशुनलाल, राजकुमार, अमर कुमार, राम प्रकाश, रविता देवी, तबारक अली, घनश्याम, लव कुश, सोनमती, मनोज कुमार, सिद्धार्थ गौतम, सुषमा, सरमेंद्र, राम वृक्ष, सुभाष, राधिका, अमरावती, दिनेश तिवारी, सोनू, फेरई और दशरथ आदि सहित कई छेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**वे आर्थिक भूकंप का सामना कर रहे हैं और अमेरिका और यूरोप भी बेहाल हैं। उनके मुकाबले भारत कहीं बेहतर स्थिति में है। यदि राहुल किसी विशाल जन–आंदोलन का सूत्रपात करते तो इस रैली का महत्व एतिहासिक हो जाता लेकिन भारत–जोड़ो के पहले यह कांग्रेस जोड़ो जैसी कोशिश दिखाई पड़ ...**

# रामलीला में हुई राहुललीला



रामलीला मैदान की रैली में कांग्रेस ने काफी लोग जुटा लिये। हरियाणा से भूपेंद्र हूडा और राजस्थान से अशोक गहलोत ने जो अपना जोर लगाया, उसने कांग्रेसियों में उत्साह भर दिया लेकिन यह कहना मुश्किल है कि इस रैली ने कांग्रेस पार्टी को कोई नई दिशा दिखाई है। इस रैली में कांग्रेस का कोई नया नेता उभर कर सामने नहीं आया। कई कांग्रेसी मुख्यमंत्री और प्रादेशिक नेता मंच पर दिखाई दिए लेकिन उनकी हैसियत वही रही, जो पिछले 50 साल से थी। सारे अनुभवी, योग्य और उम्रदराज नेता ऐसे लग रहे थे, जैसे किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मेनेजर या बाबू हों। पिछले दिनों कांग्रेस के पुनर्जन्म की जो हवा बह रही थी, वह उस मंच से नदारद थी। राहुल गांधी इस पार्टी के अध्यक्ष रहें या न रहें, बनें या न बनें, असली मालिक तो वही हैं, यह इस रैली ने सिद्ध कर दिया है। रामलीला मैदान में हुई यह राहुललीला क्या यह स्पष्ट संकेत नहीं दे रही है कि श्भारत–जोड़ो यात्राय का नेतृत्व कौन करेगा? आप जरा सोचिए कि जो पार्टी लोकसभा की 400 सीटें जीतती थी, वह सिकुड़कर के 50 के आस–पास आ जाए, फिर भी उसमें नेतृत्व परिवर्तन न हो, वह पार्टी अंदर से कितनी जर्जर हो चुकी होगी। रामलीला मैदान में भाषण तो कई नेताओं के हुए लेकिन टीवी चौनलों और अखबारों में सिर्फ राहुल गांधी ही दिखाई पड़ रहे है। इसका अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि ऐसा जान–बूझकर करवाया जा रहा है ताकि कांग्रेस की मजाकिया छवि बनती चली जाए! ऐसा नहीं है कि राहुल का भाषण बिल्कुल बेदम था। उसमें कई ठोस और उचित आलोचनाएं भी थीं लेकिन देश के श्रोताओं के दिमाग में जो छवि राहुल की पहले से बनी हुई है, उसके कारण उसका कोई खास असर होने की संभावना बहुत कम है। राहुल और सोनियाजी को पता है कि अकेली कांग्रेस मोदी के मुकाबले इस बार पासंग भर भी नहीं रहने वाली है लेकिन इसके बावजूद राहुल ने देश की अन्य प्रांतीय पार्टियों को अपने कथन से चिढ़ा दिया है। उसने कह दिया कि इन पार्टियों के पास कोई विचारधारा नहीं है। क्या राहुल की कांग्रेस अन्य विरोधी पार्टियों के बिना मोदी का मुकाबला कर सकती है? राहुल का यह कहना भी कोरी अतिरंजना है कि संसद में विरोधियों को बोलने नहीं दिया जाता और मीडिया का गला घोंटा जा रहा है। राहुल ने न्यायपालिका को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस के पास श्रेष्ठ वक्ताओं का अभाव है, यह बात राहुल के अलावा सबको पता है। हर सरकार मीडिया को फिसलाने की कोशिश करती है लेकिन यदि भारतीय मीडिया गुलाम होता तो क्या राहुल को आज इतना प्रचार मिल सकता था? राहुल ने मंहगाई और बेरोजगारी का रोना रोया, सो ठीक तो है लेकिन क्या यह तथ्य सबको पता नहीं है कि अपने पड़ौसी देशों में मंहगाई दो सौ और तीन सौ प्रतिशत तक बढ़ गई है। वे आर्थिक भूकंप का सामना कर रहे हैं और अमेरिका और यूरोप भी बेहाल हैं। उनके मुकाबले भारत कहीं बेहतर स्थिति में है। यदि राहुल किसी विशाल जन–आंदोलन का सूत्रपात करते तो इस रैली का महत्व एतिहासिक हो जाता लेकिन श्भारत–जोड़ोय के पहले यह श्कांग्रेस जोड़ोय जैसी कोशिश दिखाई पड़ रही थी। इस राहुललीला से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में कुछ जोश पैदा हो जाए तो भारतीय लोकतंत्र कुछ न कुछ सशक्त जरुर हो जाएगा।

# भाजपा की तैयारी माइक्रो लेवल पर

कांग्रेस ने अभी अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी छोड़ें अगले दो महीने में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी भी कायदे से शुरू नहीं की है। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं तो कांग्रेस नेता उससे ऐसा माहौल बनने की संभावना देख रहे हैं, जिससे कांग्रेस के प्रति बनी नकारात्मक धारणा टूटे। राहुल को गंभीरता से लिया जाए और कांग्रेस के नेता एकजुट हों। यह अगले चुनावों की बारीक तैयारियों का हिस्सा नहीं है। हां, इसे व्यापक या बड़ी तैयारी मैक्रो लेवल की तैयारी कह सकते हैं। इसके उलट भाजपा ने अगले लोकसभा चुनाव की माइक्रो लेवल की तैयारी शुरू कर दी है।

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों का एक दौर पूरी कर लिया है। केंद्रीय मंत्रियों की टीम ने देश के उन 144 सीटों की दौरा किया है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा दूसरे या तीसरे स्थान पर रही थी। ऐसी सीटें ज्यादातर पश्चिम बंगाल, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों की जिन गिनी–चुनी सीटों पर भाजपा हारी थी उन सीटों पर भी केंद्रीय मंत्रियों ने दौरा किया है, वहां समय बिताया है और पार्टी आलाकमान को अपनी फीडबैक दी है। अमित शाह और जेपी नड्डा ने खुद मंत्रियों से फीडबैक ली है।

पार्टी ने पिछली बार बारी 144 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया है। पार्टी ने इन सीटों में से 50 से 60 फीसदी सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इन सीटों पर दूसरे दौर का सर्वे और बाकी तैयारियां जल्दी ही होंगी। इन सीटों के साथ साथ भाजपा पिछले चुनाव में जितनी सीटों पर लड़ी थी उनमें सबमें कुल 74 हजार कमजोर बूथ की पहचान की गई है। इन कमजोर बूथों पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति बनाने के लिए तीन मंत्रियों की एक अलग कमेटी बनी है। इस कमेटी ने भी पहले दौर का काम पूरा कर लिया है। सभी राज्यों के कमजोर बूथों के बारे में स्थानीय नेताओं को जानकारी भेजी गई थी और उनसे फीडबैक मंगाई गई है।

पार्टी ने स्थानीय विधायक और सांसद या पार्टी के हारे हुए प्रत्याशियों और अन्य नेताओं से इन बूथों के बारे में जानकारी मंगाई है। मतदाताओं की प्रोफाइलिंग की गई है और मुद्दों की पहचान की गई है। पार्टी ने तय किया है कि ऐसे हर बूथ पर कम से कम 30 लोगों को भाजपा के साथ जोड़ा जाएगा। स्थानीय नेता यह काम करेंगे। सो, चाहे हारी हुई सीटें हों या जीती हुई सीटों के कमजोर बूथ हों भाजपा उन सब पर काम कर रही है। लोकसभा चुनाव में अभी डेढ़ साल से ज्यादा समय बाकी है लेकिन भाजपा ने अभी से माइक्रो स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है।

# फ्री बी क्या है ?

**सीनियर सिटीजन को रेल किराये में रियायत बन्द है, पर सांसदों, विधायकों को फर्स्ट एसी के फ्री पास हैं, वे भी सपरिवार ? आकर फ्री की रेवड़ी क्या है ? जब प्रधानमंत्री या मंत्रीगण विदेश या देश के दौरे पर होते हैं तो उनके टी.ए. बिल पर कितना खर्च आता है ? आजकल तो मंत्रियों द्वारा पूजा स्थलों पर चढ़ावा भी सरकारी खर्च में डाल दिया जाता है । मंत्रियों को आवभगत भत्ता कितना मिलता है ? फ्री की रेवड़ी ...**

अजय दीक्षित

प्रधानमंत्री ने कहा है कि कई प्रान्तीय सरकारें रेवड़ी बांटकर वोटरों को लुभाती हैं । असल में समतावादी समाज में फ्री की रेवड़ी क्या है ? असल में कुल मामला आम आदमी पार्टी के द्वारा फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री ट्रांसपोर्ट, फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य, बेरोजगार युवाओं को भत्ता, महिलाओं को महीना–भत्ता आदि की पहल के बाद अन्य राज्य सरकारें भी ऐसा ही चलन करने लगी हैं । हिमाचल प्रदेश और गुजरात में चुनाव है । वहां आम आदमी पार्टी ने अपनी दखल शुरू कर दी है । भाजपा वैसे निश्चिंत है, परन्तु शंकित भी है । श्आपश ने दोनों राज्यों में श्फ्रीश की घोषणा की है यदि वह सत्ता में आती है । हिमाचल प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार ने वहां के निवासियों के लिए फ्री बिजली 300 यूनिट तक माफ कर दी है । प्रधानमंत्री कहते हैं कि वे देश की 130 करोड़ जनता में से 80 करोड़ लोगों को ढाई साल से फ्री राशन दे रहे हैं । इन फ्री राशन के थैलों पर प्रधानमंत्री की फोटो है । अभी वित्त मंत्री सीतारमण ने आपत्ति उठाई है कि तेलंगाना में फ्री राशन वितरण वाले थैलों में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर क्यों नहीं है । कोई भी यह सवाल नहीं उठाता कि आजादी के अमृत महोत्सव में अभी भी देश की 75त्न जनता गरीब क्यों है ? फिर आत्मनिर्भरता क्या है ? मोदी जी का नारा श्आत्मनिर्भरश भारत का क्या हुआ !



अभी हाल में पूर्व मुख्य न्यायाधीश रिटायर हुए हैं । एक हफ्ते पहले ताजा नोटिफिकेशन के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को एक घरेलू नौकर, एक शौफर (ड्राइवर) ड्राइवर एक ऑफिस सहायक (क्लर्क), बंगला व सिक्योरिटी के नाम पर एक सिपाही मुफ्त मिलेगा । उनके बंगले की देखभाल के लिए 24 घंटे से सिक्योरिटी रहेगी । बाकी जजों को भी यही सुविधा है, परन्तु उन्हें क्लर्क नहीं मिलेगा ! पिछले दिनों पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा था कि सरकारी खर्च पर मुफ्त सिक्योरिटी अधिकार नहीं है । प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, सांसदों, विधायकों, मुख्यमंत्री व उनके मुख्यमंत्री को कितना वेतन और कितना भत्ता मिलता है, उसको उजागर करना जरूरी है । कितने मुख्यमंत्री व सांसद/विधायक अपने राज्यों द्वारा घोषित आपातकाल में जेल जाने वाली पेंशन ले रहे हैं ? ईमानदारी से वेतन पाने वाले मंत्रियों की भी साल में एक करोड़ की बचत हो जाती है । यह उनके द्वारा स्वयं घोषित आय वृद्धि के आंकड़ों से पता चलता है ?

मुफ्त का राशन पाने वाले कौन हैं ? फिर कोरोना के कारण 2020 और 2021 में 80 हजार मजदूरों की भूख व निर्धनता के कारण मौत कैसे हो गई ? यदि विपक्षी आंकड़ा नहीं है, सरकारी आंकड़ा है ?

क्यों कर सांसदों को दिल्ली में बंगले चाहिए ? संसद तो मात्र 60– 70 दिन साल में चलती है । उसमें भी कार्यवाही स्थगित हो जाती है ? दिल्ली प्रवास के समय वे हॉस्टल में रह सकते हैं ? होटल में नहीं ? संसद की कैन्टीन में चीजों के भाव क्या हैं ? उन्हें सबसे सबसिडाइड भोजन व खाद्य पदार्थ क्यों कर मिलते हैं ? सीनियर सिटीजन को रेल किराये में रियायत बन्द है, पर सांसदों, विधायकों को फर्स्ट एसी के फ्री पास हैं, वे भी सपरिवार ? आकर फ्री की रेवड़ी क्या है ? जब प्रधानमंत्री या मंत्रीगण विदेश या देश के दौरे पर होते हैं तो उनके टी.ए. बिल पर कितना खर्च आता है ? आजकल तो मंत्रियों द्वारा पूजा स्थलों पर चढ़ावा भी सरकारी खर्च में डाल दिया जाता है । मंत्रियों को आवभगत भत्ता कितना मिलता है ? फ्री की रेवड़ी से रईस ही रईस हो रहे हैं । आम जनता को महंगाई, बेरोजगारी की मार से त्रस्त हैं । आजादी का महोत्सव मात्र चन्द लोगों के लिए है ! आम जनता तो महंगाई/ बेरोजगारी की मार से त्रस्त है ?

**देश के लोगों की कंडिशनिंग ऐसी हो गई है कि वे जीएसटी की वसूली बढने का जश्न मनाते हैं। उनको पता ही नहीं है कि उनकी जेब से पैसे निकाल कर सरकार जीएसटी राजस्व बढ़ा रही है। अगर कांग्रेस अपनी रैली में इन आंकड़ों की हकीकत बताती तो बेहतर होता। भयावह महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखाने के लिए पावरफुल प्रतीकों का इस्तेमाल करती ...**

# कांग्रेस को निरंतरता की जरूरत

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस पार्टी ने रामलीला मैदान में बड़ी रैली की है। महंगाई पर हल्ला बोल रैली में भीड़ जुटी थी और अब कांग्रेस नेता निश्चिंत होकर कुछ दिन आराम कर सकते हैं। याद करें कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने इससे पहले कब प्रदर्शन किया था! कांग्रेस ने 26 जुलाई 2021 को संसद के मॉनसून सत्र के दौरान महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया था। राहुल गांधी ट्रैक्टर चला कर संसद पहुंचे थे। एक दिन राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेता साइकिल से भी संसद गए थे। लेकिन उस प्रदर्शन के बाद 14 महीने तक कांग्रेस के नेता महंगाई के खिलाफ सिर्फ ट्विटर पर ही अभियान चलाते रहे। इन 14 महीनों में महंगाई बढ़ती रही थी, बल्कि ज्यादा बढ़ती रही थी। थोक और खुदरा महंगाई काबू से बाहर रही। लगातार छह महीने से ज्यादा समय से खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की ओर से तय की गई अधिकतम सीमा से ऊपर रही है। थोक महंगाई दर पिछले एक साल से दहाई में है। लेकिन इस दौरान कांग्रेस बयान देने और सोशल मीडिया में अभियान चलाने के अलावा कुछ नहीं कर रही थी।

लोग महंगाई से त्रस्त हैं लेकिन भाजपा ने उनको कहीं हिजाब के विवाद में तो कहीं हलाल मीट और ईदगाह मैदान में गणेशोत्सव मनाने के विवाद में तो कहीं बुलडोजर और मंदिर के विवाद में उलझाया हुआ है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भी इन्हीं मुद्दों में उलझी हुई हैं। कांग्रेस ने पिछले साल जुलाई में जब महंगाई के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था तो उसने निरंतरता नहीं रखी। अगर उसके बाद भी वह पूरे देश में महंगाई के खिलाफ अभियान चलाती रहती तो उसे इसका राजनीतिक फायदा होता। लेकिन इसका उलटा हुआ। लोग महंगाई से त्रस्त थे फिर भी पांच राज्यों के चुनाव में से चार में भाजपा जीती और एक में आम आदमी पार्टी। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। जाहिर है कांग्रेस के राजनीतिक अभियान में निरंतरता की कमी है, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा।

पिछले प्रदर्शन के 14 महीने के बाद कांग्रेस ने जो रैली की है क्या उससे पार्टी कोई मैसेज बनवाने में कामयाब हुई है? ऐसा नहीं लग रहा है। कांग्रेस एक सफल रैली के बावजूद महंगाई का मैसेज नहीं बनवा पाई तो उसका कारण यह है कि पार्टी महंगाई दिखाने वाले दृश्यों का निर्माण नहीं कर सकी। पिछले साल के प्रदर्शन में राहुल और विपक्ष ने बहुत मजबूत प्रतीकों का इस्तेमाल किया था। साइकिल और ट्रैक्टर के जरिए प्रदर्शन प्रभावशाली हुआ था। लेकिन रामलीला मैदान की रैली में ऐसा कोई ऑप्टिक्स नहीं दिखा। कांग्रेस जब इतनी बड़ी रैली कर रही थी तो उसे लोगों के दिल–दिमाग को प्रभावित करने वाले दृश्य बनवाने चाहिए थे। याद करें कैसे भाजपा जब विपक्ष में थी और रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 10 रुपए की भी बढ़ोतरी होती थी तो पार्टी के बड़े नेता सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करते थे। सब्जियां महंगी होती थीं तो बड़े नेता सब्जियों की माला पहन कर प्रदर्शन करते थे। लेकिन कांग्रेस की इतनी बड़ी रैली से ऐसा कोई दृश्य नहीं बन पाया। कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से भी सबक लिया होता तो कुछ ऐसा कर सकती थी। पिछले दिनों केसीआर ने प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाले पोस्टर छपवाए, उन पर गैस सिलेंडर की 1,105 रुपए की कीमत छपवाई और उसे सिलेंडर पर चिपका कर उसका एक मैसेज बनवाया। कांग्रेस भी अपनी रैली में ऐसा कर सकती थी। यूपीए सरकार जब सत्ता से बाहर हुई थी तो रसोई गैस के एक सिलेंडर की कीमत 410 रुपए थी, जो आज 11 सौ रुपए से ज्यादा है। इससे बड़ा महंगाई का प्रतीक कुछ नहीं हो सकता है। कांग्रेस को रैली में सिर्फ इस पर फोकस करना था। लोग सिलेंडर लेकर आते, दूध की थैलियां और आटे की बोरियां लेकर आते। सब्जियों की माला पहन कर लोग रैली में हिस्सा लेते। पेट्रोल और डीजल की महंगाई के प्रतीक बनवाए जाते। और सबसे ऊपर राहुल गांधी अपने भाषण में सिर्फ महंगाई पर बोलते। उनके भाषण के कम से कम 90 फीसदी हिस्सा महंगाई पर केंद्रित होना चाहिए थे। लेकिन अफसोस की बात है कि वे उन सारे मामलों पर बोलते रहे, जिनके बारे में भाजपा चाहती है कि वे बोलें। विभाजनकारी नीतियों और नफरत फैलाने की नीतियों पर राहुल का बोलना भाजपा के वोट बढ़वाता है। इसका यह मतलब नहीं है कि उनको इस पर नहीं बोलना चाहिए लेकिन चार सितंबर का दिन महंगाई पर हल्ला बोल का था। राहुल गांधी ने अपने भाषण में सबसे हैरान करने वाली बात यह कही कि श्जब कोई विकल्प नहीं बचा तो पार्टी ने जनता के बीच जाने का फैसला कियाय। उन्होंने सात सितंबर से शुरू हो रही भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में यह बात कही। उनके भाषण में जिसने भी यह लाइन लिखी उसे राजनीतिक का ककहरा नहीं मालूम है। राजनीति में जनता के बीच जाना आखिरी विकल्प नहीं होता है, बल्कि पहला और एकमात्र विकल्प होता है। वह भी विपक्षी पार्टियों की राजनीति तो जनता के बीच ही चलती है। कोई भी विपक्षी पार्टी यह कैसे कह सकती है कि सरकार की गलत नीतियों का मुकाबला वह पहले किसी दूसरे माध्यम या दूसरे विकल्प से कर रही थी और जब कोई विकल्प नहीं बचा तो जनता के बीच जा रही है? यह लाइन बोल कर राहुल गांधी ने स्वीकार किया है पिछले आठ साल से वे और उनकी पार्टी जनता के बीच नहीं जा रहे थे। सवाल है कि जब जनता के बीच जा ही नहीं रहे थे तो फिर क्या राजनीति कर रहे थे? बहरहाल, तीन बातें साफ हो रही हैं। पहली निरंतरता की कमी है। दूसरी, ऑप्टिक्स बनाने पर काम नहीं होता है और तीसरी बात यह कि भाषण से भी कोई मैसेज नहीं बनता है। कांग्रेस अगर एक मुद्दे पर लगातार सरकार को घेरती रहे और लोगों के दिमाग में धारणा बनवाए तभी किसी राजनीतिक अभियान का कोई फायदा मिल सकता है। महंगाई, बेरोजगारी और देश की अर्थव्यवस्था की बुरी दशा ये तीन मुद्दे हैं, जिन पर कांग्रेस लगातार फोकस बनाए रखे तो लोग इसे समझेंगे। क्योंकि ये चीजें सीधे लोगों से जुड़ी हुई हैं। लेकिन इसमें भी उलटा हो रहा है। आधे अधूरे आंकड़ों के दम पर सरकार और भाजपा यह साबित करने में कामयाब हो रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था कमाल की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इसकी दो तीन मिसालें हैं। जैसे चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर साढ़े 13 फीसदी रही। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन हकीकत यह है कि वास्तविक जीडीपी अब भी 2020 के बराबर है। वित्त वर्ष 2020–21 में माइनस 24 फीसदी का लो बेस होने की वजह से पिछले दो वित्त वर्ष में पहली तिमाही में विकास दर ऊंची रही है। इसी तरह ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का हल्ला मचा। पर हकीकत यह है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय ढाई हजार डॉलर है और ब्रिटेन में 47 हजार डॉलर यानी भारत के मुकाबले 20 गुने से ज्यादा।




# विद्यार्थी परिषद से जुडने हेतु विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम अवसर : विजय शंकर पाण्डेय

सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर जिले की ऐलिया नगर इकाई के उदयपुर पब्लिक इण्टर कॉलेज में छात्र छात्राओं को सदस्यता अभियान चलाकर विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण करायी गई। एबीवीपी सीतापुर जिले के जिला संयोजक विजय शंकर पाण्डेय नें विद्यालय के प्रबंधक सहित सभी शिक्षकों व छात्र.छात्राओं को एबीवीपी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने सदस्यता अभियान के निमित्त छात्र.छात्राओं को विश्व व्यापी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना काल से लेकर 75 वर्षों की यात्रा विषय पर मुख्य रूप से छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ सदस्यता अभियान ही नहीं अपितु विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है।

छात्रों को अभाविप द्वारा छात्र व समाज एवं राष्ट्र हितों के लिए किए जा रहे कार्यों को बताते हुए कहा गया कि विद्यार्थी परिषद छात्र छात्राओं में चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य के साथ कार्य करने वाला छात्र संगठन है। साथ ही बताया गया एबीवीपी ऐसा छात्र संगठन है जिसके कार्य करने का आधार मुख्यतरू कॉलेज कैम्पस है। विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता के उद्देश्य के साथ छात्र, समाज, राष्ट्र के उत्थान हेतु अग्रणी रहने वाला छात्र संगठन है। आज विद्यार्थी परिषद में शिक्षा के हर क्षेत्र व हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त अवसर हैं। आज एबीवीपी में मेडिकल के छात्रों के मेडिविजन, एग्रीकल्चर के छात्रों के लिए एग्रीविजन, फार्मा के छात्रों के लिए फार्माविजन आदि प्लेटफॉर्मो के तहत पर्याप्त अवसर हैं। उन्होंने छात्रों के समक्ष परिषद के कार्यों व उपलब्धियों को भी साझा करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कलामंच के हुनरबाज नामक प्लेटफॉर्म के तहत विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले व विभिन्न स्किल्स वाले छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित कर स्किल डेवलपमेंट पर जोर देनें वाला छात्र संगठन है। इस अवसर पर सीतापुर तहसील सह.संयोजक अमन दीक्षित व नगर सह मंत्री शोभित तिवारी की उपस्थिति रही।

# हमारे देश के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें : ब्लाक प्रमुख

लहरपुर देहात (सीतापुर)। हाजी नवाब अली महाविद्यालय लहरपुर में छात्र व छात्राओं को टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख हरगांव कमलेश वर्मा उपस्थित हुए। कालेज के प्रबंधक मोहम्मद जुबेर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन हसीन अंसारी ने किया। छात्रों अभिभावकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कमलेश वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारे देश के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर कुशल और होनहार नागरिक बनकर देश और समाज की बेहतर सेवा के लिए तैयार हो। वर्तमान समय में शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का बहुत महत्व है। इसीलिए सरकार छात्रों को निरूशुल्क टेबलेट और स्मार्टफोन का वितरण कर रही है। सभी छात्र इसका सदुपयोग करके अपनी शिक्षा के स्तर में वृद्धि करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राकेश कुमार बाबा, अनवर अली, कौशल कुमार, मौलाना सिराज, शादाब खान, जेडआर रहमानी एडवोकेट आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य जमाल अख्तर ने उपस्थित जन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नाजनीन नाज, प्रज्ञा मिश्रा, प्रियांशी गुप्ता आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके शिक्षा के महत्व का बखान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अबरार खान, आलोक सक्सेना, कौशल कुमार संघ प्री, हाशिम अंसारी, अंकित यादव, जितेंद्र वर्मा, नवीन वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# "Modi/20" सेमिनार का आयोजन मलिहामऊ में संपन्न

हरदोई।डॉ हरिशंकर मिश्रा लॉ कालेज मलिहामऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री रहते हुए 20 वर्ष पूर्ण होने पर "Modi/20" सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी मुकेश शर्मा तथा वक्ता के रूप में रोजा शुगर मिल ग्रुप के रिटायर्ड सीईओ शैलेंद्र नाथ मिश्र मौजूद रहे। सेमिनार का संचालन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने किया। एमएलसी मुकेश शर्मा ने सेमिनार में बोलते हुए कहा ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रजातांत्रिक रूप से राज्य तथा देश के प्रमुख रहते हुए 20 वर्ष पूर्ण हुए हैं जो अपने आप में ऐतिहासिक है लंबे समय तक गुजरात में अजेय मुख्यमंत्री रहने के बाद 2014 में प्रधानमंत्री चुने जाने पर मोदी जी अपने खाते में मौजूद 27 लाख रुपए गुजरात सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बेटियों की शिक्षा के लिए दान कर दिल्ली आए थे ,हम सब का सौभाग्य है कि हम मोदी जी के प्रधानमंत्री के रूप में 8 साल के कार्यकाल के गवाह बने हैं भारत माता का यह सपूत जैसे कठिन वैश्विक परिस्थितियों में देश को आगे ले जा रहे हैं इसी कारण वह देश के ही नहीं पूरे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। विश्व स्तर पर किए जा रहे सर्वे में लगातार तीन बार से मोदी अप्रूवल रेटिंग में नंबर 1 बने हुए हैं।भारत में गरीबों और किसानों की बात करके राजनीति तो बहुत की गई लेकिन उनका भला किसी ने नहीं किया।2014 में मोदी जी के आने के बाद आप किसी भी गांव में चले जाएं और देखें केंद्र सरकार द्वारा किसी न किसी योजना का लाभ 90: लोगों को मिला हुआ है असली गरीब कल्याण अब हो रहा है।

यही कारण है कि सभी विपक्षी बार–बार एक होकर भी मुंह की खाते हैं। विपक्षी दल के नेता जिनमें अधिकांश भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हुए हैं यह सब भयवश गठबंधन करते हैं जबकि मोदी जी का गठबंधन देश की आम जनता के साथ है जनता ही जनार्दन है। 2 साल करोना की कठिन परिस्थितियां हो अथवा 6 महीने से जारी रूस यूक्रेन युद्ध अमेरिका यूरोप एशिया आदि सभी देश की भयानक मंदी महंगाई आदि से आर्थिक रूप से कमर टूटी हुई है ऐसे समय भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है सर्वकालिक सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है 8 साल पहले जहां भारत दसवीं नंबर की अर्थव्यवस्था था ,आज पांचवे नंबर पर आए हैं। विकास दर डबल डिजिट में साढे 13 परसेंट के ऊपर है यह मोदी जैसे करिश्माई नेतृत्व के कारण ही संभव है। आंतरिक सुरक्षा के मामले में कश्मीर से 370 धारा हटा कर जो ऐतिहासिक कार्य हुआ उसके बाद कश्मीर में आतंकवाद आखिरी सांसें गिन रहा है राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में भी मोदी जैसी निर्णय क्षमता के कारण ही पाकिस्तान आज टूटने के कगार पर है चीन को भी मुंह तोड़ जवाब दिया गया है विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है वक्ता शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कहा, भारत की जनता के बीच में जो लोकप्रियता मोदी जी ने प्राप्त की है वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, 2014 से पहले भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 900 करोड़ के भीतर हुआ करता था,वह आज 13000 करोड़ पर पहुंच गया है भारत आज अपनी रक्षा के 70: उत्पादन स्वयं करता है और एक्सपोर्ट भी करता है। यह मोदी के विजनरी मेक इन इंडिया के कारण संभव हुआ है मोदी के भ्रष्टाचार पर प्रहार की एक बानगी ईडी द्वारा 2004 से 2014 तक 5000 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी। मोदी के इन 8 वर्षों में एक लाख करोड़ के ऊपर जब्त किया जा चुका है। सेमिनार में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, प्रीतेश दीक्षित जिला महामंत्री, अजीत सिंह बब्बन, अनुराग मिश्र,जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक ,जेड प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह ,ब्लाक प्रमुख सुरसा धनंजय मिश्रा, सांडी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर, अधेड़ की मौत व मां पुत्र गम्भीर

सिधौली (सीतापुर)। नेशनल हाईवे के कस्बा स्थित नीलगाव कट पर तेज रफ्घ्तार दो बाईकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें इलाज के दौरान एक अधेड़ की मौत हो गई। वहीं मां पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। बताते चलें कि दोपहर राम दयाल पुत्र मुन्नी लाल 52 वर्ष अपनी पत्नी रामश्री व पुत्र सोनू 25 वर्ष निवासी पचासा थाना कमलापुर से दवाई लेने सफेदाबाद बाराबंकी गए थे। वापसी लौटते समय नेशनल हाईवे के कस्बा अटरिया के नीलगाव कट पर एक तेज रफ्घ्तार बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार दम्पत्ति व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रामदयाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## संदिग्ध हालात में नहर खीरी ब्रांच में युवक के डूबने की चर्चा

मानपुर (सीतापुर)। इलाके से निकली शारदा सहायक नहर खीरी ब्रांच में संदिग्ध हालात में एक युवक के डूबने की चर्चा होने लगी। सूचना पर पुलिस व भारी संख्या में ग्रामीण इकत्र्रा हो गये। नहर के किनारे पड़े मिले युवक के चप्पलों की पहचान कर ली गई। जबकि नहर का बहाव कम कराकर उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार मुनेंद्र मिश्रा उर्फ सानू 30 पुत्र अनिल मिश्रा निवासी ग्राम कैमहरा खुर्द को लोगों ने नहर खीरी ब्रांच के नसीरपुर पुल के पास टहलते देखा। जिसके बाद लोगों में मुनेंद्र के डूबने की चर्चा होने लगी। ग्रामीणों का कहना यह भी है मुनेंद्र शराब पीने का आदी था। सूचना पर मानपुर पुलिस व तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नहर के किनारे रखे मुनेंद्र के चप्पलों की पहचान कर ली गई। जिसके बाद नहर अधिकारियों को सूचना कर पानी के बहाव को कम करा दिया गया। मानपुर एसएसआई अखिलेश कुमार ने बताया कि युवक की संदिग्ध हालात में डूबने की बात कही जा रही है। पुलिस व ग्रामीण युवक की तलाश नहर से कर रहे है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## उपकेंद्र के भवन निर्माण की जगह चयन पर प्रधान व लेखपाल की मनमानी

मानपुर (सीतापुर)। बिसवां के स्वास्थ्य उपकेंद्र वेलवा बहादुरपुर के लिए शासन द्वारा उपकेंद्र की स्वीकृति दी थी। जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा भूमि आवंटन किया जाना था। जिसके लिए ग्राम पंचायत वेलवा बहादुरपुर के ग्राम प्रधान रेनू देवी व लेखपाल की मनमानी के चलते उपकेंद्र के लिए मसुरिहा या बरछता में जगह के आवंटन का मन बना लिया है। जबकि इस उपकेंद्र के लिए बेलवा में उपयुक्त स्थान है। इस जगह पर यदि उपकेंद्र बनता है तो पनहा, धनीपुर, बरछता, बरगदहा, हैवतपुर, बहादुरपुर, मसुरिहा सहित चक्करपुरवा एवं स्योढ़ा व समसापुर जैसी ग्राम पंचायत को भी लाभ मिल सकता है। परन्तु प्रधान की मनमानी के चलते अपने हितों व राजनीतिक हितों को देखते हुए भूमि चयन में जनता के हितों का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सीतापुर से मांग की है कि महिलाओं व बच्चों के हितों का ध्यान रखते हुए बेलवा बहादुरपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र बेलवा में बनवाने हेतु भूमि आवंटन प्रस्ताव करवाकर उपकेंद्र निर्मित करवाया जाये।

## महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण का आयोजन

तम्बौर (सीतापुर)। विकासखण्ड बेहटा क्षेत्र में पुत्तू लाल जयबासा देवी मधुकर महाविद्यालय सिकरी में स्मार्ट फोन वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश राही कारागार राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा 130 बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किये गये। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने बच्चों से पढने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्मार्ट फोन से तकनीकी शशक्तीकरण कर शिक्षण कार्य स्मार्ट फोन के माध्यम से छात्र छात्राओं को किसी प्रश्न की जानकरी करनी होती थी तो संकोच करते थे। अब उसी प्रश्न के लिए स्मार्ट फोन, मोबाइल से बिना किसी की जानकारी से उत्तर आसानी से मिल जाता है, अनुराग बाजपेई, चांदनी भारतीय, बबिता मधुकर आदि को स्मार्ट फोन वितरण कर उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। महाविद्यालय के प्रबंधक राम मूर्ति मधुकर ने कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही को मालार्पण व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया मंत्री पहुंच कर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन शशक्तिकरण के बारे में जानकरी देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा झल्लर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवनीश सिंह, आदर्श मधुकर, प्राचार्य डा. रेनू चांदला प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार पटेल मौजूद थे।

# पाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 80 हजार रुपये, मोबाइल और बाइक बरामद की

पाली/हरदोई। चाचा ने सबमर्सिबल में बिजली का कनेक्शन कराने के लिए जो रुपये भेजे थे। उससे उधार चुकाने के लिए जीजा–साले ने दोस्त के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 80 हजार रुपये, मोबाइल और बाइक बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि सलौनी गांव निवासी सद्दाम ने सोमवार देर शाम सूचना दी थी, जिसमें बताया था कि खेत में लगे सबमर्सिबल में बिजली का कनेक्शन कराना था।कनेक्शन के लिए 1.29 लाख रुपये उपकेंद्र पर जमा करने थे।घर से 69 हजार रुपये एक थैले में रखकर वह सोमवार दोपहर मोटरसाइकिल से साले इमरान के साथ परेली गांव स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र गया था।

जहां से 60 हजार रुपये निकालने के बाद वह पैसे थैले में रख कर वापस आ रहा था। पाली–शाहाबाद मार्ग पर बरगदिया पुलिया के पास छह लोगों ने उसकी बाइक रोक कर उन्हें नशीला रुमाल सुंघा दिया। उनके बेहोश होने पर रुपयों से भरा थैला, मोबाइल और बाइक लेकर भाग गए। पुलिस ने घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर दोनों के बयान लिए। जो अलग–अलग थे। इस पर पुलिस ने दोनों से जब कड़ाई से पूछताछ की, तो लूट की कहानी झूठी निकली। सद्दाम ने बताया कि उसके चाचा गनी अहमद सैनिक हैं। उन्होंने खेत में लगे सबमर्सिबल में बिजली कनेक्शन कराने के लिए रुपये भेजे थे। उसने गांव के कुछ लोगों से रुपये उधार ले रहे थे। वह लोग रुपये मांग रहे थे। उधार लिए रुपये लौटाने के लिए गांव निवासी जुबैर के साथ मिलकर लूट की झूठ कहानी बनाई थी। एसओ ने बताया कि आरोपी सद्दाम की निशानदेही पर करीब 80 हजार रुपये, मोबाइल और किर्तियापुर गांव के पास से बाइक बरामद कर ली गई है। तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## तीन दिन से रोड पर गिरा पड़ा पेड़ न हटने से रास्ता जाम

पहला (सीतापुर)। ब्लॉक पहला तहसील महमूदाबाद के सरैया राजा साहब में रेलवे स्टेशन के ठीक सामने अंबेडकर पार्क के बगल निकली सड़क पर एक पेड़ तीन दिन पूर्व गिर गया था। मगर वन विभाग की उदासीनता के कारण उसे आज तक नहीं हटाया गया। जिससे रास्ता जाम है और राहगीरों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्यूंकि रेलवे का फाटक ज्यादातर बंद रहने के कारण राहगीरों के पास यही एक निकलने का माध्यम था। वह भी तीन दिनों से कम है। जिससे क्षेत्रीय जनता परेशान है। ग्रामीणों के अनुसार यह पेड़ तीन दिन पूर्व जगदीश पुत्र सियाराम के घर पर गिर जाने की वजह से छज्जे का नुकसान हुआ है। जिसमें उसके परिवार वाले बाल बाल बचे।

## शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस ने निकाला रूच मार्च

मिश्रिख (सीतापुर)। सीओ सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बा मिश्रित व कोतवाली क्षेत्र में शांति ब्यवस्था बनाए रखने हेतु रूट मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने सभी अफवाहों पर ध्यान न देने व कोई भी संदिग्ध ब्यक्ति या बस्तु प्रतीत होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों को सुरक्षा की चाक चौबंद ब्यवस्था का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी प्रकार के अराजकतत्वों से निपटने के लिए हर तरह से तैयार है। सभी लोग पुलिस का सहयोग करें। यह रूट मार्च कोतवाली मिश्रित से नगर की प्रमुख बाजार व कस्बे से होकर नहर चौराहा होते हुए तहसील चौराहा पर समाप्त किया गया।

# यात्रा 35 किलोमीटर की, यात्री किराया 43 किलोमीटर का ?

## ज्ञापन सौंपकर यात्री किराया कम कराने की लगाई गुहार

हरदोई।हरदोई और हरपालपुर के मध्य बाया सांडी होकर चलने वाली बसें चाहे वह उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की हो या प्राइवेट दोनों नियम कानून को दरकिनार करते हुए मनमाना किराया 50 रुपये वसूल रहे हैं, हरदोई बस स्टॉप से सांडी होकर हरपालपुर बस स्टॉप के मध्य सड़क मार्ग से मात्र 35 किलोमीटर की ही दूरी है जबकि संचालित हो रही बसें एवं अन्य संसाधन 43 किलोमीटर की दूरी का किराया आज से नहीं दशको पहले से वसूल रहे हैं, इस किराया को नियमानुसार प्रति किलोमीटर के हिसाब से निर्धारित करने के लिए आज सामाजिक संगठनों, राजनेताओं और बुद्धिजीवियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी हरदोई से भेंट कर समस्या से अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञापन पत्र सौंपा। जिलाधिकारी हरदोई द्वारा उसके ऊपर प्रभावी एवं सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया ,प्रतिनिधिमंडल में शामिल पंचनद संयोजक अवनिकान्त बाजपेई, बार एसोसिएशन हरदोई के पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरपालपुर बलराम सिंह यादव ने कहा कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी और सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो वह लोग इस समस्या के समाधान को शासन स्तर तक ले जाएंगे यदि वहां भी न्याय नहीं मिला तो जन आंदोलन के साथ–साथ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। ज्ञापन पत्र सौंपने वालों में शिवानंद दीक्षित एडवोकेट, कुलदीप सिंह एडवोकेट ,वीरपाल सिंह एडवोकेट ,अनूप दीक्षित एडवोकेट, गोविंद सिंह एडवोकेट राजेश यादव, राम प्रताप यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बीडीओ की अध्यक्षता में हुई ग्राम प्रधानों की बैठक

मिश्रिख (सीतापुर)। विकासखंड मिश्रित के सभागार में खंड विकास अधिकारी विकास सिंह की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के साथ समीक्षा बैठक की गई। आयोजित बैठक में खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में कराए गये विकास कार्यों की समीक्षा की। आयोजित समीक्षा बैठक में बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवालय में कंप्यूटर आदि लगवाकर संचालित कराने की जानकारी ली। जिन ग्राम पंचायतों में सचिवालय अभी संचालित नहीं हो सके है। उनको यथा सीघ्र संचालित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर ज्वाइंट बीडीओ एसपी सिंह, एडिओ पंचायत ओमेन्द्र पाल सिंह, एडिओ आईएसबी हरीश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अमित चतुर्वेदी, उमाकांत, धीरेन्द्र कुमार के साथ ही सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# मंहगाई ,बेरोजगारी, से जनता त्रस्त नेता मस्त–आशीष सिंह

हरदोई।जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के शुभारंभ के दूसरे दिन हरियावां से कोरिगवां तक मंहगाई, बेरोजगारी के खिलाफ पदयात्रा निकाली गई।पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गाँधी के नेतृत्व में देश की एकता अखंडता व सद्भावना को मजबूत करने के लिए निकाली जा रही है भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए ब्लॉक, न्याय पंचायत, वार्ड स्तर तक पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा। मंहगाई बेरोजगारी, और गरीबी से देश त्रस्त है।मोदी सरकार के मंहगाई पर किये गया वायदे जुमले साबित हुए। जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दो गुना कर देंगे।मगर किसान को अपनी फसल बचाना और सींचना तक मुश्किल हो रहा है। इस अवसर पर रूपलाल इस्लाम गाजी, कोरी, रवींद्र मिश्रा,सुदामा प्रसाद,अकील खान, उस्मान खान,सुफियान गाजी, नन्दकिशोर,राम कुमार मौर्या, मोरध्वज, प्रदीप कुमार,राम औतार वर्मा आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी साथी मौजूद रहे।

# खाना बनाते समय गैस सेलेंडर में लगी आग

हरदोई। थाना क्षेत्र के ककरा गांव में खाना बनाते समय गैस सेलेंडर में आग लग गई। आग की लपटों से अफरा तफरी मच गई।सूचना पर पहुँची पुलिस व फायर सर्विस की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हरपालपुर थाना क्षेत्र के ककरा गांव निवासी अनीता पत्नी धर्मराज अपने घर में खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर में आग लग गई।आग की लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीणों में भगदड़ मच गई।सेलेंडर में लगी आग पर काबू पाने के लिए धर्मराज 23 पुत्र फूलचंद्र ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर जवानो ने ग्रामीणो के सहयोग से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

## खाना बनाते समय गैस सेलेंडर में लगी आग

हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के गडरपुरवा गांव में . रात खाना बनाते समय गैस सेलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। जिसमें युवती समेत 4 परिवारिक जन गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जिन्हें आनन–फानन में सांडी सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहां से 3 लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। अरवल थाना क्षेत्र के गडरपुरवा गांव निवासी शिवानी 18 वर्ष पुत्री अवधेश कुमार रात अपने घर के अंदर कमरे में खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर अचानक लीकेज होने से आग लग गई। आग की लपटें देख उसके पिता अवधेश 46 पुत्र रघुवीर सिंह, भाई अंकुर 12 वर्ष और मां रामकली 42 आग बुझाने पहुंच गई।जिससे सभी लोग गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी झुलसे लोगों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने शिवानी, रामकली, अवधेश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। ग्रामीणों के कई घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अरवल थानाध्यक्ष छोटेलाल ने बताया कि घटना के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिद्धि विनायक की आरती

सीतापुर। भाजपा नगर दो के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पांडेय नगर चुगीं चौकी स्थित गणेश महोत्सव में सिद्धि विनायक भगवान गणेश जी की। आरती की इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष प्रकाश सिंह, नगर उपाध्यक्ष मनीष पाडेय, नगर महामंत्री अनीत मिश्रा, नगर मंत्री संतोष शुक्ल, संदीप अवस्थी, सेक्टर संयोजक सत्यम त्रिवेदी, संजय शुक्ला, उर्मिला राजवंशी, अनिल राजवंशी, आकाश राय आदि उपस्थित रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर कसेगी लगाम, लेखपाल होंगे उत्तरदायी

देवरिया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने नियंत्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र बोर्ड की बैठक कर कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत बिना किसी स्वीकृति के प्लॉट बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विनियमित क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत कुछ कॉलोनाइजर्सध्भूमि विकासकर्ताओं द्वारा बिना कोई योजना स्वीकृत कराए मानकविहीन भूखंडों का छोटे–छोटे टुकड़ों में विक्रय किया जा रहा है। इनके द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग में नाली–सड़क जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाओं के मानकों को पूरा नहीं करने की शिकायतें मिल रही हैं। इसकी वजह से इन अवैध प्लॉटों को खरीदने वाले लोगों को लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अवैध प्लाटिंग के लिए लेखपालों का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। साथ ही विगत तीन वर्षों में इस तरह की अवैध प्लॉटिंग पर अंकुश लगाने के लिए की गई कार्रवाइयों का ब्योरा भी मांगा। डीएम ने कहा कि विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत 300 वर्ग मीटर व उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों पर निर्मित होने वाले निजी भवनों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अनिवार्य है। उन्होंने 300 वर्ग मीटर व इससे अधिक क्षेत्रफल वाले समस्त निजी भवनों के स्वामियों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रणाली स्थापित करने को कहा। साथ ही एसडीएम सदर को उपर्युक्त सीमा के अंतर्गत आने वाले भवनों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र में विकास शुल्क की दर पुनरीक्षित करने के लिए एक समिति का गठन करने का निर्देश दिया। समिति में एसडीएम सदर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, नगर नियोजक एवं वित्तीय मामलों के जानकार शमिल होंगे। यह समिति समस्त हितधारकों से संवाद कर दो माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। वर्तमान में विनियमित क्षेत्र के अंतगर्रुत आवासीय भवन निर्माण के लिए दो रुपये प्रति वर्ग फीट एवं गैर आवासीय निर्माण के लिए चार रूपये प्रति वर्ग फीट की दर से विकास शुल्क लिया जाता है।

जिलाधिकारी ने 100 वर्ग मीटर से कम भूखंड पर बनने वाले आवासों को नक्शा स्वीकृत कराने से छूट देने के संबंध में प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुसंगत शासनादेशों के तहत 100 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल पर बनने वाले आवासों का नक्शा पास कराने से छूट प्रदान की गई है। इस दौरान नगर पालिका की अध्यक्ष अलका सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आरके सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## दो फर्मों की धीमी प्रगति पर नोटिस जारी

देवरिया। सीडीओ रवींद्र कुमार ने जल जीवन मिशन के योजनाओं की गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा की, जिसमें दो फर्मों की प्रगति धीमी बताई गई। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए दोनों फर्मों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि मे. एलसी इन्फ्रा प्रालि 224 परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ करा दिया है। इसमें शिरोपरि जलाशय 98 का कार्य प्रगति पर है। 671 किमी पाइप लाइन ग्राम पंचायतों में बिछा दी गई है। एफएचटीसी 18,974 कनेक्शन दे दिए गए हैं। गायत्री प्रोजेक्ट लि. द्वारा 179 परियोजना का कार्य प्रारंभ कराया गया है, जिसमें शिरोपरि जलाशय 19 का कार्य प्रगति पर है। इसमें 475 किमी पाइप लाइन ग्राम पंचायतों में बिछा दी गई है। एफएचटीसी 17,600 कनेक्शन कर दिए गए हैं। प्रोजेक्ट मैनजर अनिल कुमार यादव व रामानुज तिवारी को निर्देश दिए गए कि जितनी योजनाओं का एसएलएससी मंजूर हो गया है उसको तत्काल ट्राई पार्टी एग्रीमेंट डीपीआरओ के कार्यालय में जमा कराएं। दोनों फर्मों की धीमी प्रगति होने के कारण कड़े निर्देश दिए गए। 45 ट्यूबवेल का कार्य व एलीसी इंफ्रा प्रालि को एफएचटीसी 5000, गायत्री प्राजेक्ट लि एफएचटीसी 5000 कनेक्शन की प्रगति को एक सप्ताह के अंदर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि धीमी प्रगति के कारण दोनों फर्मों को नोटिस जारी करें। साथ ही निर्देश दिए गए कि दोनों फर्में पाइप लाइन डालने के लिए मिट्टी की खुदाई के बाद उसकी भराई करें। जहां पीडब्ल्यूडी की सड़क को नुकसान पहुंचाया जा रहा है उसको, तत्काल ठीक कराए।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्रीय भावना के अनुरूप

महराजगंज। जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षकों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर दिग्विजय नाथ पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्रीय भावना के अनुरूप है। भूगोल विभाग के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, डॉ. प्रशांत पांडेय, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने में 34 वर्ष लग गए। आज की आवश्यकता के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति भविष्योन्मुखी है। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका रही है। अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर छद्दू यादव ने आर्थिक पक्ष एवं शिक्षकों के अध्ययन अध्यापन की कठिनाइयों से अवगत कराया। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सोनकर ने संरचनात्मक उपलब्धता की कठिनाई से पठन–पाठन में आ रही समस्याओं को जोड़कर शिक्षकों के सामने आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य नियंता राहुल सिंह, डॉ. पीयूष जायसवाल, डॉ. केआर यादव, डॉ. प्रेम प्रकाश मिश्र, अनिल कुमार सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. ज्योत्सना पांडेय, गणेश पटेल आदि मौजूद रहे।

## फिजियोथेरेपी से बीमारी से मुक्ति का तरीका बताया

महराजगंज। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर केएमसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। अस्पताल में आने वाले मरीजों की निशुल्क फिजियोथेरेपी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार ने किया। फिजियोथेरेपी अनुभाग के छात्र–छात्राओं ने दिव्यांगता पर रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुत बनाए। इस मौके पर रैली भी निकाली गई। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि फिजियोथेरेपी उपचार की ऐसी विधा है, जिसमें बिना दवा के दर्द में आराम मिलता है। आज कल कमर, गर्दन व मांसपेशियों में दर्द की शिकायत बढ़ रही है। इस विधा का प्रचार गांव–गांव करने की जरूरत है। अस्पताल के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. धनंजय कुशवाहा ने बताया कि यदि स्वस्थ रहना है तो भौतिक चिकित्सा को अपनाना होगा। गठिया, सर्वाइकल आदि में लगातार दर्द की दवा न लें। फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह से उचित व्यायाम करें। अस्पताल के सीईओ डॉ. एसएम रफीक ने कहा कि अस्पताल में अतिरिक्त विभागों में आए मरीजों को चिकित्सकों द्वारा फिजियोथेरेपी की सलाह दी जाती है। अस्पताल के चेयरमैन विनय कुमार ने कहा कि अस्पताल परिसर में दिव्य किरण एवं पुनर्वास केंद्र की स्थापना हुई है। केंद्र में दिव्यांग बच्चों को निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है। इस दौरान डॉ. देव चंद्रा, जीतू मेघवाल, संतोष श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक मेजर ड़ॉ. यशवर्धन, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शरीफ, डॉ. करन भाटिया, प्राचार्य भानुप्रिया आदि मौजूद रहे।

## 28 गांवों के सचिवों से स्पष्टीकरण तलब

महराजगंज। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में मॉडल बनाए जाने वाले 71 में से 28 गांवों की कार्ययोजना अब तक नहीं बन सकी है। इस पर नाराजगी जताते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा है। जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने बताया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मॉडल बनाए जाने के लिए जिन 71 गांवों का चयन किया गया है। उनमें से 48 की कार्यवाही व कार्ययोजना विभाग को प्राप्त हो गई है। बृजमनगजं के बजरहा सोनबरसा, बड़गो, कम्हरिया बुजुर्ग, कोल्हुई, मैनहवा, मिश्रौलिया व शाहाबाद, धानी के बरगाहपुर, करमहा व नौसागर, घुघली के रामपुर बल्डीहा, लक्ष्मीपुर के एकमा, सदर के बागापार, चेहरी व करमहा, मिठौरा के खजुरिया, मधुबनी, पनेवा–पनेई व सिंदूरिया, नौतनवां के बरगदवा, निचलौल के सोहगीबरवां, पनियरा के डिंगुरी, परतावल के बड़हरा बरईपार व लखिमा, फरेंदा के मथुरा नगर व सिधावारी तथा सिसवा के हरखपुरा व लक्ष्मीपुर एकडंगा की कार्ययोजना नहीं बनी है। इस पर इनके सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## मनबढ़ों ने चालक की पिटाई कर बस को किया क्षतिग्रस्त

फरेंदा(महराजगंज)। गोरखपुर–सोनौली राजमार्ग पर चलने वाली प्राइवेट ट्रेवेल्स कंपनी की बस को मनबढ़ों ने क्षतिग्रस्त करते हुए चालक व एक यात्री को गंभीर रूप से पीट कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बस परिचालक की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरेंदा थाना क्षेत्र के उदितपुर इंटर कॉलेज के समीप रात में सोनौली की तरफ से गोरखपुर जा रही बस को अज्ञात वाहन सवार ने रोक लिया। सवारियों से भरी बस में जमकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर चालक मसूद (40) व कुछ यात्रियों को मारा पीटा। जिसके कारण चालक व कुछ अन्य लोगों को गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि परिचालक जफर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## निस्तारण में लापरवाही पर 14 अफसरों का वेतन बाधित

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले 14 अफसरों का माह सितंबर का वेतन बाधित कर दिया है। इसमें अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवरिया एवं तीन थानाध्यक्षों सहित 14 अफसरों पर कार्रवाई की गई है। साथ ही डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले छह कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों से स्पष्टीकरण तलब किया है। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भ, सीएम हेल्पलाइन, ऑनलाइन संदर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पीजीपोर्टल भारत सरकार, संपूर्ण समाधान दिवस तथा जिलाधिकारी जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है, लेकिन बार–बार निर्देश के बाद भी अफसरों द्वारा समय पर निस्तारण नहीं किया जा रहा है, जिससे कई प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में आ गए हैं। जन सुनवाई के डिफाल्टर प्रकरण के निस्तारण के लिए छह सितंबर को बैठक बुलाई गई, जिसमें 14 अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। इसमें अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रुद्रपुर, खान निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी बरहज, एडीओ पंचायत भटनी, एडीओ पंचायत भलुअनी, चकबंदी अधिकारी भाटपाररानी, थानाध्यक्ष भटनी, थानाध्यक्ष सलेमपुर, थानाध्यक्ष रुद्रपुर, चिकित्सा अधिकारी पीएचसीध्सीएचसी भागलपुर और अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बरहज शामिल थे। इन सभी अधिकारियों के सिंतबर माह के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है। जनसुनवाई पोर्टल को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु बार–बार निर्देश दिए गए। इन अफसरों द्वारा निस्तारण नहीं किया गया। इसमें डीपीआरओ कार्यालय में 8, बीडीओ देवरिया में 5, एडीओ पंचायत भवन में 5, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में 3, एडीओ पंचायत कार्यालय भागलपुर में तीन और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मझौलीराज कार्यालय में 3 संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में लंबित है। इनको समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया है।

## काम रोकने के लिए अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

महराजगंज। नगर पंचायत आनंदनगर में बने संवाद संगठन के प्रतिनिधियों ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण रोकने की मांग की। संगठन के संयोजक जयप्रकाश लाल ने कहा कि नगर पंचायत आनंदनगर के लिए कुछ दिन पूर्व पंडित दीनदयाल नगरीय योजना के तहत नगर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण व उच्चीकरण के लिए लगभग छह करोड़ रुपये जारी हुए हैं। आरोप लगाया कि निकाय ने न सिर्फ दो साल पूर्व कराई गई इंटरलाकिंग को उखाड़ दिया, बल्कि नाम मात्र की गिट्टी डालते हुए लगभग 4.18 करोड़ रुपये के दुरुपयोग की कोशिश की जा रही है। विजय सिंह एडवोकेट ने तत्काल प्रभाव से काम रोकने तथा उसकी जांच कराने की मांग की। इस दौरान डॉ. रामनरयन चौरसिया, रवि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। बाजार मूल्य के आधार पर हो मुआवजे का भुगतानः संवाद संगठन के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्राम पैसिया ललाइन के ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी से मुलाकात की तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 24 के चौड़ीकरण व उन्नयन के लिए किसानों की ली गई भूमि का बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए मुआवजा देने की मांग की। यह भी कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल व जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे। एडीएम से मिलने के दौरान बलिराज यादव, लियाकत, वियवनाथ, शंभू, दशरथ, लीलावती समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## रोहिन नदी के बढ़ते जल स्तर से सहमे गांव के लोग

पनियरा (महराजगंज)। क्षेत्र में होकर गुजरने वाली रोहिन नदी का बढ़ रहे जलस्तर के कारण आसपास के गांवों के लोग चिंतित हैं। इसी तरह इस नदी का जलस्तर बढ़ता रहा, तो यह खतरे के निशान तक पहुंच जाएगी। इससे लोगों ने बाढ़ जैसे खतरे की आशंका जताई है। रोहिन नदी के बढ़ते जलस्तर के रुख को देखकर बड़हरा लाला, सुचितपुर, अनंतपुर, जर्दी, लक्ष्मीपुर सहित अन्य गांवों के लोगों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि रोहिन नदी में बढ़ रहे जल स्तर से समस्या हो सकती है। सुचितपुर के पूर्व ग्राम प्रधान गंगा पासवान, अशोक पासवान, हरिकेश सहानी, विनोद पासवान, आलोक आदि का कहना है नदी के कटान से बचाव के नाम पर बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है। बड़हरा लाला व अनंतपुर बांध पर जगह–जगह बारिश से कटान है। इसे लेकर तटबंध के किनारे बसे ग्रामीण सहमे हैं। ग्राम प्रधान पुष्पा चौहान बड़हरा लाला के घर आगे बांध कमजोर है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सैयद फरहान खान का कहना है कि बांध की सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। जहां पर कटान दिखाई दे रहा है उसे भर दिया जा रहा है। एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम का कहना है कि रोहिन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है।

## डेंगू से निपटने के लिए जिला अस्पताल मुस्तैद

महराजगंज। डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। जिला अस्पताल में डेंगू से निपटने के लिए जहां अलग से छह बेड का वार्ड तैयार किया गया है वहीं, डेंगू जांच के लिए 125 रैपिड किट भी उपलब्ध है। वहीं, इस साल अब तक डेंगू के आठ केस सामने आ चुके हैं। हालांकि इलाज के बाद सभी मरीज स्वस्थ हो चुके हैं फिर भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला अस्पताल सहित सभी अस्पतालों को मुस्तैद कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, जिले के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रत्येक पर दो–दो बेड अलग सुरक्षित रखे गए हैं। यहां डेंगू की जांच के लिए 100 से 150 जांच किट उपलब्ध हैं। अब तक जो मरीज मिले हैं, उनमें सिर्फ तीन मरीज ही जिले में डेंगू पीड़ित मिले हैं, जबकि पांच बाहर से डेंगू से पीड़ित होकर आए। इन सबका इलाज लखनऊ, गोरखपुर एवं जिले के अस्पतालों में हुआ। ऐसे में डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। रोकथाम के लिए टीम भी गठित है। टीम द्वारा जन सामान्य को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। घरों में कूलर, फ्रीज, गमलों आदि में इकट्ठा पानी को साफ कराया जाता है। लोगों को पीने का पानी उबाल कर प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमें लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति सचेत कर रही हैं। जरूरत के अनुसार फॉगिंग, मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। जिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी में डेंगू से इलाज की सुविधा मौजूद है। डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैंः डॉक्टरों के अनुसार डेंगू एक मच्छर जनित वायरल इंफेक्शन या डिजीज है। डेंगू होने पर तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते आदि निकल आते हैं। डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है।

## शिक्षक–दिवस सप्ताह पर सामाजिक समरता विषय पर व्याख्यान



दैनिक बुद्ध का संदेश

जानीपुर/गोरखपुर। बंशी चन्द पी. जी. कालेज चिलवां महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उप–प्राचार्य डा. राणा सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षक ही समाज का सच्चा पथ–प्रदर्शक होता है। आचार्य चाणक्य ने एक सामान्य व्यक्ति को जो मौर्य जाति का था। उसे उपदेशित कर पूरे भारत को एक धागे में पिरोकर मौर्य वंश की स्थापना किया। हिन्दी विभाग के विभागाध्या डा. आलोक सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने कक्षा में बगैर किसी भेद–भाव के सभी विद्यार्थियों के लिए समान रूप से उपदेश करता है। यही शिक्षक के सामाजिक, समता का मूल प्रमाण है। अध्यक्षता प्राचार्य डा. कौशलेश मिश्र और संचालन डा. रोहित चन्द ने किया। इस अवसर पर डा. शिव कुमार पाण्डेय, मृत्युन्जय सिंह, महेन्द्र कुमार मद्धेशिया, शिखर श्रीवास्तव, संतोष सिंह, कुँवर चन्द, आनन्द राय, अभिषेक जायसवाल, सर्वानन्द शाही, डा. ममता शर्मा, कमलेश यादव, निधि पाण्डेय, नूतन दूबे, सविता मिश्रा, चन्द्र शेखर मौर्य, रामाश्रम एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले निकायों को जारी करें प्रतिकूल प्रविष्टि

महराजगंज। लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर परिवहन व आबकारी विभाग के कर्मी राजस्व वसूली बढ़ाने पर जोर दें। व्यापार कर विभाग भी प्रवर्तन बढ़ाने के लिए आयुक्त वाणिज्य कर को पत्र भेजवाए। जिन निकायों ने राजस्व प्राप्ति में संतोषजनक प्रदर्शन नहीं किया है उसे प्रतिकूल प्रविष्टि दें। ये निर्देश जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर–करेत्तर व राजस्व की समीक्षा बैठक में दिए। डीएम ने मंडियों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उनकी मरम्मत व रंग–रोगन के निर्देश दिए। मंडियों में सफाई, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराने को कहा। सभी एसडीएम प्रतिमाह मंडियों की समीक्षा करें। नए नगर निकायों में पर्याप्त क्षमता के सामुदायिक केंद्र, शापिंग कांप्लेक्स, चौराहे के सुंदरीकरण, पार्क व विद्युत तारों को भूमि के अंदर करने का प्रस्ताव भेजा जाए। सभी एसडीएम व तहसीलदार राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण का समय निर्धारित करें। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि वे बिना हल्का लेखपाल के सीमांकन न कराएं। एसडीएम को निर्देशित किया कि यदि निर्देश का अनुपालन नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई करें। इस दौरान सभी एसडीएम व तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय समेत अन्य विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे। अभियान चलाकर तालाबों की कराएं नीलामीः जिलाधिकारी ने कहा कि सदर, फरेंदा व नौतनवां तहसील क्षेत्र में तालाब के पट्टों की संख्या कम है। ऐसे में अभियान चलाकर तालाबों की नीलामी कराई जाए। बड़े बकाएदारों को जारी करें नोटिसः जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बड़े बकाएदारों को नोटिस जारी करें।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का तत्काल करें समाधान सीडीओ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। सीडीओ संजय कुमार मीना ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही नियमानुसार किया जायेगा। सीडीओ ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को निर्देश दिये कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का निस्तारण समयानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, सुरक्षा, बैंक से सम्बन्धित और अन्य समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किया जाए। विकास भवन सभागार में डीएम कृष्ण करुणेश के निर्देश पर



सीडीओ संजय कुमार मीना जिला सैनिक कल्याण बन्धु समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में सीडीओ संजय कुमार मीना जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सहित समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे। डीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान हेतु दिशा निर्देश पारित कर दिए। फिलहाल आज हुई बैठक में 14 भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं को रखा। सीडीओ ने अफसरों से साफ कहा कि पूर्व सैनिकों की सम्मान सहित उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। आज की बैठक में अधिकतर भूतपूर्व सैनिकों के मामले जमीनी विवाद के रहे हैं जो दलालों के चक्कर में फस कर जमीन रजिस्ट्री कराएं लेकिन

**■ पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनकर सीडीओ ने दिए निर्देश**

**■ पूर्व सैनिकों की समस्याओं का तत्काल करें समाधान-सीडीओ**

अभी तक है कब जा नहीं पाए जो आज के बैठक में अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा बताते हुए कहा उन्होंने कहा कि संबंधित थानों को निर्देश दिए जाएं कि पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद जैसे विषयों की शिकायतों के लिए थाना दिवस में भी उपस्थित होकर शिकायतें सुनी जाएं ताकि उनका समाधान जल्द किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से बातचीत करे कहा कि उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर परेशान होने की जरुरत नहीं है। उनकी सुनवाई में कोताही नहीं बरती जाएगी। जिसके लिए अफसरों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अगर किसी पूर्व सैनिक को या उनके आश्रित को किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो हमारे कार्यालय में पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं जिससे उनके समस्याओं का निराकरण निष्पक्ष गुणवत्ता युक्त कराया जाएगा जिससे पूर्व सैनिक को न्याय उचित न्याय मिल सकेगा।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चोपन में मोबाईल टार्च के सहारे किया गया डिलीवरी,लापरवाही क्षम्य नही

## सरकार की छवि धूमिल करने वालो की सावित्री देवी ने डीएम, सीएमओ से की शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रदेश की योगी सरकार जहा एक तरफ स्वास्थ सुविधा को बेहतर करने में लगी है उप मुख्यमंत्री लगातार अस्पतालों का निरीक्षण कर कार्यवाही कर रहे है वही दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चोपन जो विकास खण्ड चोपन अंतर्गत लगभग 50 ज्यादा गांवों को कवर करता है लेकिन इसकी स्थिति बेपटरी बनी हुई है अस्पताल में शौचालय की साफ सफाई की स्थिति नदारत है। गुरूवार को रात लगभग 8.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चोपन में एक महिला की डिलीवरी होना जो दर्द से कराह रही थी अस्पताल में डिलीवरी वार्ड पूरे तरीके से अंधेरे में था उसके बाद अस्पताल मौजूद जिम्मेदार द्वारा किसी तरह मोबाईल के टार्च के भरोसे महिला की डिलीवरी कराया गया। अंधेरे में डिलीवरी कराना बहुत बड़ा रिस्की है। बात तो यह है की यह हाल एक दिन का नहीं प्रतिदिन का है घंटो से कमरे में लाईट भी नही थी सोलर भी महीनों से खराब पड़ा है जरनेटर भी बंद था। संज्ञान में आने के बाद लगभग 1 घंटे बाद विभाग के लोगों के द्वारा जनरेटर चालू करवा दिया गया। बिजली के अभाव में रूटीन होने वाले टीकाकरण की दवा जो कोल्ड चेन ने रखा जाता है उसको भी बिजली की वजह से दिक्कत होता होगा खराब होने का खतरा भी रहता है। साथ ही अस्पताल में पानी की सुचारू रूप से कोई व्यवस्था नहीं है जो कोई पी सके। इस तरह की लापरवाही से प्रदेश की योगी सरकार व जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही हैं स्वास्थ विभाग सरकार की बदनामी कराने में लगा हैं। महिला सुरक्षा एवं जनसेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सावित्री देवी ने साक्ष्य विडियो के साथ जिलाधिकारी सोनभद्र, अपर जिलाधिकारी सोनभद्र, मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र को शिकायत किया की जल्द से जल्द उक्त प्रकरण की जांच कराते हुए कार्यवाही व बिजली की स्थिति को देखते हुए सोलर व्यवस्था सही करवाने व जनरेटर को संचालित हेतु संबधित अधिकारी को निर्देशित करें।



# घरेलू तैयारी से नीट में कामयाब



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मोहाना बाजार के निकट जितवापुर निवासी तलहा खान पुत्र कमरुद्दीन खान ने जिला मुख्यालय पर रहकर नीट की तैयारी की और 663 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की है। तलहा ने हाईस्कूल की परीक्षा सउदी अरबिया से तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा एयमयू अलीगढ़ से उच्चतम अंकों में उतीर्ण की है. तलहा अपनी सफलता का सूत्र प्रतिदिन आठ से दस घंटे की नियमित पढ़ाई को बताते हैं। तलहा की शानदार कामयाबी पर परिजनों के साथ ही गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जमील अहमद, कमरूद्दीन खान आदि ने तलहा को बधाइयाँ दी हैं।

## एक अवर अभियंता के सहारे क्षेत्र पंचायत सहित 35 ग्राम पंचायतों जिम्मेदारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बर्डपुर ब्लाक में ग्रामीण अभिनियंत्रण विभाग के तैनात अवर अभियंता के सहारे क्षेत्र पंचायत प्रमुख के कार्यो सहित ब्लाक क्षेत्र के 35 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी होने के कारण अधिकांश ग्राम पंचायतों में विकास कार्य हो रहा प्रभावित। ग्राम प्रधानों के मुताबिक ब्लाक क्षेत्र में दस बड़े ग्राम पंचायत है, इसके अलावा क्षेत्र पंचायत के भी स्टीमेट और एमबी करने की जिम्मेदारी अवर अभियंता की ही है। ग्राम पंचायत में इस समय हेण्डपम्प रिबोर, नाली, इंटरलॉकिंग आदि कार्य न होने के कारण ग्रामीणों की अखध्सर शिकायते रहती है। ब्लाक क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों ने बताया कि ग्रामीण अभिनियंत्रण विभाग के अवर अभियंता के पीछे–पीछे लगने रहने के बाद भी स्टीमेट न बनने से गांव में विकास कार्य नही हो पा रहा है। अवर अभियंता द्वारा आजकल किया जाता है। कई बार प्रधानों ने इसकी मौखिक शिकायत बीडीओ से किये, लेकिन कुछ समाधान नही हो सका। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी से एक और अवर अभियंता की तैनाती की मांग की है।

# गणपति के जयकारों के गूँजा शोहरतगढ़ कस्बा





**■ श्रीगणेश जी के पूजा और उपासना के बाद हुआ भण्डारे का आयोजन**

**■ लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा श्रीकृष्ण राधा जी की झाँकी**

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ कस्बा सहित क्षेत्र के नीबी दोहनी समेत कई स्थानों पर श्रीगणेश जी की प्रतिमाएं पंडालों में स्थापित की गई और अधिकांश पांडालों पर पूजा और उपासना के साथ भण्डारे व विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोहरतगढ़ के विभिन्न पंडालों सहित श्रीराम चौराहे पर संदीप कसौधन व अक्षय कसौधन की देखरेख में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नीबी दोहनी में आयोजक अशोक विश्वकर्मा की अगुवाई में श्रीगणेश जी के पाण्डाल के समीप विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी रवि अग्रवाल ने कहा कि धर्म के कार्य मे सभी लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इसके साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन नगर के सम्पूर्ण विकास को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने विकास को लेकर घर सम्भव प्रयास करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने लोगों की मांग पर नीबी दोहनी के स्थानीय मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं चिल्ड प्याऊ पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही।

शोहरतगढ़ के श्रीराम चौक पर आयोजित भंडारे एवं नीबी दोहनी में आयोजित विशाल जागरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अक्षय कसौधन, रवि गुप्ता, संदीप कसौधन, सोनू निगम उर्फ पहलवान, महेश कसौधन, शिवसागर, नारायन, विशाल गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, लाला गौड़ मनोज मनोज तिवारी मौजूद रहे।



## रजौली गांव की बेटी संजू के एयर होस्टेस बनने से गांव में खुशी का माहौल



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम रजौली बुजुर्ग निवासी राजकुमार यादव की बेटी संजू यादव के स्पाईस जेट एयरलाइंस में एयर होस्टेस बनने से गांव में खुशी का माहौल है। प्राप्त बिबरण के अनुसार संजू की प्रारम्भिक शिक्षा आर.सी.एस. कान्वेंट स्कूल से 8 वीं तक,हाईस्कूल उमाशंकर विद्यापीठ से तथा इण्टरमीडिएट राधिका सीनियर सेकेण्डरी स्कूल से हुई है। फ्रेकफिन्न इंस्टीट्यूट गोरखपुर से कोर्स कर रही थी। संजू ने अपनी सफलता का श्रेय माता संगीता देवी तथा पिता राजकुमार यादव को दी। इससे पूर्व भी इस गांव की एक बेटी कु.मीना पुत्री रामधारी यादव थाईलैण्ड के बहरेन एयरलाइंस में एयर होस्टेस के रूप में चयनित हो चुकी है। इनकी इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान रेनू शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि देव प्रकाश शुक्ल, संजय यादव, बालिस्टर यादव, सुरेश यादव, रामध्यान यादव, नन्दलाल यादव, संग्राम यादव आदि लोगों ने बधाई दिया है।

**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## हत्या में संलिप्त अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना ओबरा के नागेन्द्र यादव पुत्र घुम्मन, निवासी सलईबनवा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र द्वारा 112 पर वृहस्पतिवार को सूचना दी गयी कि उनके पिता घुम्मन यादव को पंकज यादव पुत्र रामदुलार, निवासी सलईबनवा थाना चोपन, जनपद सोनभद्र व उनके अन्य साथियों द्वारा लाठी, डण्डा, कुल्हाड़ी एवं पत्थर से मारकर हत्या कर दी गयी। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा शुक्रवार को घटना में संलिप्त अभियुक्त पंकज यादव पुत्र रामदुलार, निवासी सलईबनवा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व पत्थर बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र व उ0नि0 अमित कुमार त्रिपाठी, चौकी प्रभारी कस्बा ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। वो आरक्षी विपिन कुमार, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र रहे।

# लखनापार के प्रधानाध्यापक पर हुए हमले में कोई गिरफ्तारी नहीं

## पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है लेकिन अभी पुलिस के हाथ खाली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पिछले दिनों कम्पोजिट विद्यालय लखनापार के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार पर घर जाते समय चिल्हिया थाना क्षेत्र के धंसा के पहले कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इस मामले में पीडित की तहरीर पर एक नामजद तथा पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने एससीध्एसटी, बलवा, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी का नाम जय प्रकाश यादव है। तथा वह जोगिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगिया का निवासी बताया जाता है। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी अभी खुलेआम घूम रहे हैं। इससे पीड़ित के परिवार वाले सहमें हुए हैं। प्रधानाध्यापक रमेश कुमार द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा गया है कि वह विद्यालय से तीन बजे बाइक से घर जा रहा था इसी दौरान धँसा चौराहे के पहले बाइक सवार चार लोग आये सभी ने मुंह पर कमछा बाधा था जब तक वह समझ पाते उन्हें रोककर हाकी, व डंडे से मारते हुए गाली देने लगे। दो लोगों ने मेरा पैर बांध दिया था। दो लोग उनके सीने पर चढ़ गये जिससे उनका दम घुटने लगा। चिल्लाने पर लोगों का आता देख जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए फरार हो गये। इस दौरान उन लोगों ने रमेश कुमार का मोबाइल भी छिन लिया। एसओ दीपक कुमार ने बताया कि पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच हो रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार होंगे।

# इन 7 एक्सरसाइज की मदद से दूर करें अपने कंधों का दर्द, कुछ मिनट से ही मिलेगा आराम

कंधे में दर्द की समस्या आज के समय में बेहद आम हो चुकी हैं। ऑफिस में कंप्यूटर पर काम करने या डेस्क जॉब के दौरान लोगों को कंधे में दर्द महसूस होने लगता है। कई लोगों को सुबह सोकर उठने के बाद कंधे में दर्द महसूस करते है। अगर यह दर्द लंबे समय तक रहता हैं तो पूरा दिन किसी भी काम को करने में परेशानी होती हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग पेनकिलर का इस्तेमाल करते हैं जो सही तरीका नहीं हैं। कंधे के दर्द की मुख्य वजह स्टिफनेस होती है और ऐसे में अगर कुछ एक्सरसाइज की जाए तो इससे स्टिफनेस को दूर करते हुए दर्द से राहत पाई जा सकती है। ये एक्सरसाइज आप घर पर ही बिना किसी उपकरणों की मदद से कर सकते हैं। प्रतिदिन 15–20 मिनट के लिए ये एक्सरसाइज करने से काफी लाभ मिल सकता है। आइये जानते हैं इन एक्सरसाइज के बारे में...

आर्म क्रॉस एंड स्ट्रेच एक्सरसाइज

इस एक्सराइज को करने के लिए सबसे पहले आप कुर्सी पर बैठ जाएं। इस दौरान अपनी रीढ़ को बिल्कुल सीधा रखें। अब अपने बाएं हाथ को अपनी कोहनी से अपने दाहिने हाथ से पकड़ें और इसे अपने शरीर पर अपनी छाती की ओर खींचें। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे आपको अपने बाएं कंधे में खिंचाव महसूस होगा। इस पोजिशन में करीबन 5–10 सेकंड के लिए होल्ड करें। इसके बाद हाथों को सामान्य स्थिति में ले जाएं। अब आप दूसरे हाथ से भी यही प्रक्रिया दोहराएं।

अराउंड द वर्ल्ड एक्सरसाइज

इससे कंधे की हड्डी से लेकर हाथ की मांसपेशियों तक की कसरत हो जाती है। साथ ही चर्बी और मोटापा भी कम होता है। इस करने के लिए आप पेट के बल जमीन पर लेट जाएं। दोनों बांहें सामने की ओर और पैर पीछे की ओर तने रहेंगे। अब अपने दोनों हाथ, पैरों, सिर और सीने को फर्श से ऊपर उठाएं। अब अपने दोनों हाथों को इस तरह घुमाएं कि अपने सामने से पीछे की ओर एक बड़ा गोला बना रहे हो। ऐसा करते हुए कंधे की हड्डी को घुमाना है। अब हाथ को उलटी दिशा से गोला बनाते हुए चलाएं। एक ओर से यह एक्सरसाइज 15 बार करनी है। यह एक्सरसाइज करते समय अपने शरीर को पेट के बल ही रखें।



शोल्डर रोल एक्सरसाइज

शोल्डर रोल एक्सरसाइज को कंधों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके लिए, आप अपने पैरों को एक दूसरे से थोड़ा अलग करके सीधे खड़े हो जाएं। सांस अंदर लें और इसके साथ ही अपने कंधों को अपने कानों की तरफ उठाएं। अपने कंधों को पीछे की ओर ले जाएं और अपने कंधे को हल्का पीछे की तरफ स्ट्रेच करें। सांस छोड़ते हुए कंध ो को छोड़ दें और सामान्य स्थिति में आ जाएं। अब आप अपने कंधों को पहले क्लॉकवाइज और फिर एंटी–क्लॉकवाइज घुमाएं।

डाइविंग डॉल्फिन एक्सरसाइज

इसे करने के लिए आप सबसे पहले फोरआर्म प्लांक पोजीशन में आए, जिसमें शरीर का भार कोहली और पंजों पर रहेगा। दोनों कोहनियां कंधों के नीचे रहेंगी और दोनों पैर हिप्स से दोनों ओर रहेंगे। अब अपने पैरों से बांह की ओर 8 से 12 इंच तक इस तरह चलें कि हिप्स छत की ओर उठ जाएं। यह एक्सरसाइज की शुरुआती पोजिशन होगी। अब अपने हिप्स को नीचे लाएं और इस तरह शरीर को सीधी रेखा में संतुलित करें, जैसे कि आपके गोत लगाने पर कंध ो कलाई को छू जाते हैं। अब इसी को विपरीत ओर करें ताकि पूर्ववत अवस्था में पहुंच सकें। फिर इस एक्सरसाइज को दोहराएं।

चेस्ट स्ट्रेच एक्सरसाइज

यह एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिससे आपकी चेस्ट और कंधों दोनों का ही तनाव दूर होता है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं और पैरों को एक दूसरे से थोड़ा अलग रखें। साथ ही, अपने हाथों को बगल में रखें। अब आप अपने दोनों हाथों को पीछे की तरफ लेकर ताली बजाएं। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो एक छोटे तौलिये का इस्तेमाल करें और इसे अपने दोनों हाथों से पकड़ लें। इस दौरान अपनी चेस्ट को ओपनअप करने का प्रयास करें। इससे आपको कंधों में भी खिंचाव महसूस होगा, जैसे कि आप उन्हें पीछे की ओर खींच रहे हैं। अब इस अवस्था में 4–5 सेकंड के लिए रुकें और फिर छोड़ दें। आप इसे यथाशक्ति दोहराएं।

प्लांक राइज टैप क्रंच एक्सरसाइज

इसे कंधों की स्थिरता और शरीर के कोर एरिया की मजबूती के लिए किया जाता है। इसे करने के लिए आप दोनों हाथ और पैरों के बल लेट जाएं। दोनों पैर हिप्स से ज्यादा चौड़ाई में खोलें। अब इसी पोजिशन में अपने राइट हैंड को उठाकर आगे ले जाएं। फिर वापस प्लांक में ले जाएं। अब अपने राइट हैंड को एक ओर उठाते हुए वापस प्लांक पोजिशन में जमीन पर रखें। इस क्रिया के दौरान आपको अपना शरीर एक सीधी रेखा में रखे और अब अपने लेफ्ट हैंड को शरीर के नीचे लेकर जाएं। इसी दौरान अपने दाहिने पैर को शरीर के मुख्य हिस्से की ओर धकेल और बायें हाथ से दायें पैर को छुएं। फिर प्लांक में लौटें। अब दूसरी ओर से इस एक्सरसाइज को करें। नैक रिलीज एक्सरसाइजः नैक रिलीज एक्सरसाइज से आपके गर्दन और कंधे की मांसपेशियों को काफी आराम मिलता है एवं अकडन दूर हो सकती है। इससे दर्द और सूजन में काफी राहत मिल सकती है। आप इसे सोने से पहले या सोकर उठने पर भी कर सकते हैं। इसके लिए आप जमीन पर खड़े हो जाएं। फिर सिर को नीचे की ओर झुकाएं। इससे आपको गर्दन के पिछले हिस्से में खिंचाव महसूस होता है। उसके बाद अपनी गर्दन को बाएं कंधे की ओर ले जाएं। इससे आपको गर्दन के दाहिने ओर खिंचाव महसूस होता है। इस मुद्रा में 5 सेकेंड के लिए रूकें। फिर इसी प्रकार गर्दन को दाएं कंधे की ओर ले जाएं। इससे कंधे और गर्दन में खिंचाव आता है और आराम मिलता है।

# योगिता बिहानी ने उर्फी जावेद को भी किया फेल, फैंस हुए हैरान

फीं जावेद को लोग उनके अलग ड्रेसिंग सेंस होने के वजह पसंद करते है. लेकिन अब उर्फी जावेद को टक्कर देने के लिए एक और हीरोइन आ गयी है. अभी हाल ही में, ओटीटी पर काम



कर चुकी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था, जो बहुत ही वायरल हो रहा है. एक फोटोशूट के तहत खींची गईं तस्वीरों में इस एक्ट्रेस ने अपना बेहद बोल्ड रूप दिखाया है. इस एक्ट्रेस ने अपने बदन पर सिर्फ झालर डालकर कई सारे पोज किये. चलिए आपको पूरी स्टोरी बताते है.

दरअसल जिस एक्ट्रेस की बात हम कर रहे है उनका नाम योगिता बिहानी है. योगिता बिहानी करण कुन्द्रा और अनिल कपूर के साथ काम कर चुकी हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दे योगिता और करण ने एएलटी बालाजी पर शदिल ही तो हैव्य नाम का एक शो किया था जिसके बहुत सारे सीजन आए. योगिता ने अनिल कपूर के साथ नेटफ्लिक्स फिल्म श्एके वीएस एकेय में भी काम किया है.

आपकी जानकारी के लिए बता दे योगिता बिहानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं. उन फोटो में उनका लुक और ड्रेसिंग स्टाइल काफी बोल्ड है. उन्होंने फोटो में बिकीनी जैसा कुछ पहना हुआ है जिसपर लंबी–लंबी झालर लटक रही है. इस फोटो में योगिता के बाल बंधे हुए हैं और फोटो में झालर उनके शरीर से हटती हुई नजर आ रही है. इस फोटो में उनके एक्सप्रेशन कमाल के है.






# हश हश से ओटीटी पर डेब्यू करेंगी जूही चावला और आयशा जुल्का




आज के दौर में ओटीटी प्लेटफॉर्म मनोरंजन का लोकप्रिय मंच बन चुका है। बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार ओटीटी पर अपनी शुरुआत कर चुके हैं। अब 90 की दशक की दो अभिनेत्रियां जूही चावला और आयशा जुल्का जल्द ओटीटी पर अपना डेब्यू करेंगी। ये दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज हश हश में नजर आने वाली हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम ने आज इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की है।

अमेजन प्राइम ने सोशल मीडिया पर इस सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। अमेजन प्राइम ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, कुछ शोर करना चाहता था, क्योंकि यह घोषणा का दिन है, लेकिन हम इस मौके पर चुप रहना पसंद करेंगे। हश हश 22 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी।

यह एक थ्रिलर ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर तनुजा चंद्रा करेंगी। इसे एक महिला केंद्रित सीरीज माना जा रहा है।

विक्रम मल्होत्रा के नेतृत्व वाली अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा इस सीरीज का निर्माण किया जाएगा। इसमें जूही और आयशा के अलावा सोहा अली खान, कृतिका कामरा, शाहाना गोस्वामी और करिश्मा तन्ना भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सीरीज उन महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है, जिनकी परफेक्ट लाइफ तब खत्म होनी शुरू हो जाती है, जब एक अप्रत्याशित घटना उनके अतीत के रहस्यों को सामने लाती है। इसकी कहानी झूठ, छल और फाइटिंग पेट्रीआर्की को एक्सप्लोर करती है।

अमेजन प्राइम वीडियो की इंडिया ओरिजिनल्स हेड अपर्णा पुरोहित ने सीरीज को लेकर अपना अनुभव शेयर किया है। उन्होंने कहा, महिलाएं आबादी की 50 फीसदी हैं, फिर भी उनके द्वारा बताई गई कहानियां और उनका दृष्टिकोण बहुत कम है। प्राइम वीडियो में हम विविधतापूर्ण और प्रासंगिक महिला केंद्रित कहानियां को एक वैश्विक मंच देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। और हश हश के साथ हम महिला प्रधान कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे ले जा रहे हैं।

जूही ने फिल्मी करियर की शुरुआत 1986 में आई फिल्म सल्तनत से की थी। उन्होंने लोफर, नाजायज, इश्क, मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी, झूठ बोले कौवा काटे, एक रिश्ता, आमदनी अऌन्नी खर्चा रुपैया और गुलाब गैंग जैसी फिल्मों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। आयशा की बात करें तो उन्होंने कुर्बान से बॉलीवुड में कदम रखा था। जो जीता वही सिकंदर और खिलाड़ी जैसी फिल्मों में वह काम कर चुकी हैं। सुष्मिता सेन ने वेब सीरीज आर्या के जरिए अपना डिजिटल डेब्यू किया है। आर्या 2 में भी उन्होंने अपने अभिनय का तड़का लगाया। अब दर्शकों को आर्या 3 का इंतजार है। वेब सीरीज द फेम गेम के जरिए माधुरी दीक्षित ने हाल में अपना ह्त्र्जत्र्ज डेब्यू किया है। यह सीरीज 25 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। करिश्मा ने 2020 में मेंटलहुड के साथ अभिनय में अपनी वापसी की थी। यह ओटीटी पर उनका डेब्यू प्रोजेक्ट था।

## अदिति शंकर–स्टारर विरुमन 11 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी

निर्देशक एम. मुथैया की सुपरहिट एक्शन थ्रिलर विरुमन,




जिसमें अभिनेता कार्थी और अदिति शंकर मुख्य भूमिका में हैं, 11 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। कार्थी और अदिति शंकर के अलावा, इक्का–दुक्का निर्देशक शंकर की बेटी, फिल्म में राज किरण, प्रकाश राज और सूरी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। प्रकाश राज ने कहा, मुनियांडी का किरदार निभाना दिलचस्प था क्योंकि वह पूरी तरह से अलग, विपरीत व्यक्ति हैं जिनसे मैं वास्तविक जीवन में हूं। उन्होंने आगे कहा, यह एक अपरिचित क्षेत्र था कि मुझे खुशी है कि मैंने कार्थी और अदिति जैसे मेहनती और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म के विश्वव्यापी प्रीमियर के साथ, दर्शकों के पास इसे देखने का एक अच्छा समय होगा। कार्थी ने कहा, प्रकाश सर के बाद से यह एक ऐसा विपरीत अनुभव था और मेरे बीच बहुत ही खुशमिजाज और खुशनुमा तालमेल है। वीरुमन एक ऐसा अनुभव था जो लंबे समय तक मेरे दिल में ताजा रहेगा। उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म दर्शकों को हम दोनों के बीच पहले कभी नहीं देखी गई केमिस्ट्री की एक झलक देगी। हमारे लिए देखें क्योंकि हम आपको विरुमन के विश्वव्यापी डिजिटल प्रीमियर के साथ मनोरंजन की एक रोलर कोस्टर सवारी पर ले जाते हैं। मुख्य अभिनेत्री अदिति शंकर ने कहा, प्रकाश राज सर और कार्थी देश के दो बेहतरीन अभिनेता हैं और कोई भी कलाकार उनके साथ स्क्रीन साझा करने से बेहतर शुरूआत की कामना नहीं कर सकता। फिल्म एक गांव के युवा विरुमन की कहानी का अनुसरण करती है, जो अपना घर छोड़ देता है जब उसे पता चलता है कि उसके पिता, मुनियांडी, उसकी मां की आत्महत्या का कारण है।

# पेट के बल सोना स्वास्थ्य के लिए माना जाता है नुकसानदायक, जानिए किस मुद्रा में सोएं



अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद और अच्छी नींद के लिए सही तरीके से सोना बेहद जरूरी है क्योंकि इससे हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता है। खासकर अगर कोई पेट के बल सोता है तो इस अनुचित स्थिति में सोने से नींद में बाधा, तनाव में वृद्धि और खराब परिसंचरण हो सकता है। आइए आज पेट के बल सोने के नुकसान समेत उन मुद्रा के बारे में जानते है, जिनमें सोने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

नुकसानः पेट के बल सोने के नुकसान

विशेषज्ञ पेट के बल सोने को सबसे खराब नींद की मुद्रा मानते हैं क्योंकि यह फेफड़ों और छाती पर बहुत अधिक दबाव डालता है, जो आपके सांस लेने के कार्य को बाधित कर सकता है। इसके अतिरिक्त, इससे पीठ समेत गर्दन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और रक्त प्रवाह में कमी भी होती है। एक और नींद की मुद्रा है, जिससे आपको बचना चाहिए वह है भ्रूण की मुद्रा। इसके कारण पीठ की विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

पीठ के बल सोनाः अगर आप पीठ के बल सोएंगे तो आपके लिए बेहतर होगा। जब आप पीठ के बल सोएं तो एक तकिए को अपने घुटनों के नीचे और एक तकिए को अपनी पीठ के नीचे रखें। वैसे जब पीठ या कंधे में दर्द हो तो आपको जिस मुद्रा में सोने से आराम महसूस हो, आप उसी मुद्रा में सोएं। हालांकि, अगर आप पीठ के बल सोएंगे तो आपको जल्दी आराम मिलेगा।

बाईं करवट सोनाः अगर कभी भी आपको पेट में दर्द या फिर गैस जैसी समस्या हो तो भी आप अपने सोने की मुद्रा पर ध्यान दें क्योंकि इससे आपकी समस्याएं जल्द दूर हो सकती हैं। ऐसी समस्याओं से राहत पाने के लिए आपको बाईं करवट लेकर पैरों को थोड़ा मोड़कर सोना चाहिए। दरअसल, इस मुद्रा में सोने से पाचन क्रिया पर सकारात्मक असर पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप पेट में दर्द और गैस जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

पैरों और पीठ के नीचे तकिया रखकर सोनाः महिलाओं में पीरियड्स हर माह होने वाली प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके दौरान उन्हें कई बार पेट, पैर और पीठ में दर्द का सामना करना पड़ जाता है। इस तकलीफ से बचने के लिए अगर महिलाएं अपने दोनों घुटनों के नीचे तकिया लगाकर सोएंगी तो बेहतर होगा। इसके अलावा, गले में दर्द से राहत पाने के लिए सिर के साथ–साथ पीठ के नीचे तकिया लगाकर सोना फायदेमंद सिद्ध होगा।

गर्भावस्था– गर्भावस्था के दौरान किस मुद्रा में सोना है सही?ः विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान करवट लेकर सोना सबसे अच्छी मुद्रा है और गर्भवती महिलाओं को अपनी पीठ या पेट के बल सोने से बचना चाहिए। अगर आप गर्भवती हैं तो आपके लिए बाईं करवट लेकर सोना स्वास्थ्यवर्धक साबित हो सकता है क्योंकि इससे प्लेसेंटा और आपके बच्चे तक पहुंचने वाले रक्त और पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है। अगर आपको पीठ की समस्या है तो भी यह मुद्रा आपके लिए फायदेमंद होगी।